CONTENTS

Fifteenth Series, Vol. VIII, Fourth Session, 2010/1932 (Saka)
No. 19, Tuesday, April 20, 2010/ Chaitra 30, 1932 (Saka)

SUBJECTS	PAGES
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	
*Starred Question No. 341 to 344	2-37
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	
Starred Question Nos. 345 to 360	38-80
Unstarred Question Nos. 3875 to 4104	81-578

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

PAPERS LAID ON THE TABLE 519-530

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS
6th Report 531

STANDING COMMITTEE ON EXTERNAL AFFAIRS
3rd and 4th Reports 531

STANDING COMMITTEE ON WATER RESOURCES
2nd and 3rd Reports 531

STANDING COMMITTEE ON SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT
4th to 6th Reports 532

STANDING COMMITTEE ON HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
219th and 220th Reports 532

STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE
154th and 155th Reports 533

STATEMENT CORRECTING REPLY TO UNSTARRED QUESTION NO. 2989, DATED 08.12.2009 REGARDING 'DECONTROL OF SUGAR SECTOR' ALONGWITH GIVING REASONS FOR DELAY
Prof. K.V. Thomas 534

STATEMENT UNDER RULE 199
Personal explanation by a Member in regard to resignation from the office of Minister of State in the Ministry of External Affairs
Dr. Shashi Tharoor 535-537

SUBMISSION BY MEMBER

Need to address the problems being faced by victims affected due to natural calamities in Bihar 543-546

FELICITATIONS TO HON. DEPUTY SPEAKER ON HIS BIRTHDAY 557

MATTERS UNDER RULE 377 558-573

(i) Need to announce a special rehabilitation scheme for the people whose land is being acquired for the development of National Highway in Kerala.

Shri K.C. Venugopal 558

(ii) Need to make Yamuna river pollution free.

Shri Jai Prakash Agarwal 559

(iii) Need to open a new Railway Station at Maharajanagar on Tirunelveli-Tiruchendur Section in Tamil Nadu.

Shri S.S. Ramasubbu 560

(iv) Need to accord approval to the proposal of Governemnt of Rajasthan to introduce metro train in Jaipur.

Shri Mahesh Joshi 561

(v) Need to resotre Athoor Anicut Channel in Athoor village of Dindigul district, Tamil Nadu.

Shri N.S.V. Chitthan 562

(vi) Need to direct Bhakra Beas Management Board to release water to Rajasthan.

Shrimati Chandresh Kumari 563

(vii) Need for central assistance to construct another Legislative Assembly of Uttrakhand at Gairsain.

Shri Satpal Maharaj 564

(viii) Need to maintain only one toll plaza in Dindori Parliamentary Constituency, Maharashtra and stop collecting toll tax in tribal areas.

Shri Harishchandra Chavan 565

(ix) Need to undertake developmental works in tribal areas and allot forest land to Adivasis in Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat.

Shri Mansukhbhai D. Vasava 565

(x) Need to provide adequate medical facilities to rural expectant mothers under National Rural Helath Mission in the country.

Shrimati Sushila Saroj 566

(xi) Need to constuct a permanent bridge on river Ghaghra at Kamhariya Ghat in Sant Kabir Nagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

Shri Bhishma Shankar *alias* Kushal Tiwari 567

(xii) Need to consult local M.Ps. in construction of roads and bridges under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana.

Shri Sushil Kumar Singh 568

(xiii) Need for early revival of the Hindustan Fertilizer Corporation Limited, Haldia Division, West Bengal.

Shri Suvendu Adhikari 569

(xiv) Need to include differently abled persons in the ambit of Right to Education Act.

Shri D. Venugopal 570

(xv) Need to expedite the implementation of welfare programmes for minorities including the proposals of the Ranganath Mishra Commission.

Shri Mohammed E.T. Basheer 571

(xvi) Need to mitigate the problems of villages residing along border in Balurghat Parliamentary Constituency, West Bengal.

Shri Prasanta Kumar Majumdar 572

(xvii) Need to amend Securitisation Act, 2002 providing for relief and exemption to the Rubber Plantation sector from attachment of collateral in the event of non-payment of farm loan.

Shri Jose K. Mani 573

DEMAND FOR GRANT(GENERAL)- 2010-11 574

Ministry of External Affairs

Dr. Murli Manohar Joshi 575-587

Shri Deepender Singh Hooda 588-597

Shri Mulayam Singh Yadav 596-601

Shri Vijay Bahadur Singh 602-606

Shri Sudip Bandyopadhyay 607-612

Shri Pinaki Misra 613-618

Shri Chandrakant Khaire 619-621

Shri A. Sampath 622-626

Yogi Aditya Nath 627-631

Shri Adhir Chowdhury	632-636
Dr. Prasanna Kumar Patasani	637-639
Shri Nama Nageswara Rao	640-644
Shri Abdul Rahman	645-648
Shri C. Sivasami	649-652
Shri J.M. Aaron Rashid	653
Shri Prabodh Panda	654-656
Dr. Rattan Singh Ajnala	657
Dr. Raghuvansh Prasad Singh	658-661
Shri Madhu Goud Yakshi	662-665
Dr. Mirza Mehboob Beg	666-668
Shri Mohammed E.T. Basheer	669-671
Shri M.I. Shanavas	672-674
Shri Prasanta Kumar Majumdar	675-676
Shri Asaduddin Owaisi	677-680
Dr. Thokchom Meinya	681-682
Shri Arjun Ram Meghwal	683-684
Shri Shailendra Kumar	685-686
Shri Jagdambika Pal	687-688
Shri S.M. Krishna	689-696
Demand for Grant – Voted	697

ANNEXURE – I

Member-wise Index to Starred Questions	699
Member-wise Index to Unstarred Questions	700-703

ANNEXURE – II

Ministry-wise Index to Starred Questions	704
Ministry-wise Index to Unstarred Questions	705

OFFICERS OF LOK SABHA

THE SPEAKER

Shrimati Meira Kumar

THE DEPUTY SPEAKER

Shri Karia Munda

PANEL OF CHAIRMEN

Shri Basu Deb Acharia

Shri P.C. Chacko

Shrimati Sumitra Mahajan

Shri Inder Singh Namdhari

Shri Francisco Cosme Sardinha

Shri Arjun Charan Sethi

Dr. Raghuvansh Prasad Singh

Dr. M. Thambidurai

Shri Beni Prasad Verma

Dr. Girija Vyas

SECRETARY-GENERAL

Shri P.D.T. Achary

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Tuesday, April 20, 2010/ Chaitra 30, 1932 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[MADAM SPEAKER in the Chair]

(Q. No. 341)

MADAM SPEAKER : Q. No.341, Shri Lalchand Kataria.

श्री लालचन्द कटारिया : आदरणीय अध्यक्ष महोदया, माननीय मंत्री जी ने प्रश्न का जो जवाब दिया है, उस संबंध में मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि देश के विभिन्न राज्यों से राजमार्गों के नये प्रस्ताव आते हैं, मैं राजस्थान प्रदेश से आता हूं, तो उनके नौ प्रस्ताव आपके विभाग में विचाराधीन हैं। मैं आपसे जानना चाहता हूं कि आप उन नये राजमार्गों की घोषणा कब तक करेंगे?

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री (श्री कमल नाथ): अध्यक्ष महोदया, नये नैशनल हाईवेज की स्वीकृति के लिए कुछ नियम और आधार हैं। अभी यह तय किया गया है कि दस हजार किलोमीटर के सैद्धांतिक रूप से नये नैशनल हाईवेज की घोषणा की जायेगी। बहुत सारे प्रस्ताव, लगभग 50 हजार किलोमीटर के प्रस्ताव अभी केन्द्र के पास विभिन्न राज्यों से आये हैं और इन पर अभी विचार किया जा रहा है। सैद्धांतिक रूप से यह तय किया जायेगा कि कौन से मार्ग हैं, जिनका प्रस्ताव भेजा है, उनको नैशनल हाईवेज में कन्वर्ट किया जाये। हमें उम्मीद है कि अगले तीन महीनों में हम इसे तय कर पायेंगे।

श्री लालचन्द कटारिया : आदरणीय अध्यक्षा जी, क्या केन्द्र सरकार टू लेन को अपग्रेड कर टोल वसूलने वाली पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत जो निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं और उसके तहत सड़क निर्माण का मामला है, उसे आप दो लेन की न करके चार लेन की करे, जिससे आम जनता को सुविधा रहे और जो टोल वसूला जाता है, उससे जनता को राहत मिले, इस बारे में आपका क्या कहना है?

श्री कमल नाथ: मैडम, टू लेन और चार लेन का फैसला ट्रैफिक के आधार पर होता है कि उस सड़क पर कितना ट्रैफिक है और आगे आने वाले समय में ट्रैफिक प्रोजेक्शन क्या है? जहां पन्द्रह हजार या सोलह हजार पीसीयू से ज्यादा होता है, तो वहां चार लेन की बात की जाती है। जहां तक टोल की बात है, इसमें सड़कें टोल पर भी बनायी जाती हैं और एन्यूटी पर भी बनायी जाती है। इसके साथ-साथ यह भी निर्भर करता है कि उस पर क्या ट्रैफिक है?

श्री राजनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि कई प्रोजैक्ट्स इस वक्त समय से पीछे चल रहे हैं। जहां तक मेरी जानकारी है कि एक महीने से लेकर तीन-चार वर्ष पीछे तक कई प्रोजैक्ट्स इस समय चल रहे हैं। मुझे यह भी जानकारी प्राप्त हुई है कि बीओटी टोल के माध्यम से आप प्रोजैक्ट्स को कांट्रेक्ट पर देना चाहते हैं। उसकी बीडिंग बीओटी टोल के माध्यम से होती है, तो ज्यादा कांट्रेक्टर्स नहीं आते। विशेष रूप से उन स्ट्रेचेस पर जहां पर हैवी व्हीकुलर ट्रैफिक नहीं है।

वह नेचुरल कि बीओटी या एनुइटी बेसिस पर आपको देना पड़ता है, लेकिन मैं यह महसूस करता हूं कि कई ऐसी रोड्स हैं, कई ऐसे स्ट्रेचेज हैं जहां लोग बीओटी टोल के माध्यम से लेने को तैयार नहीं हैं, बीओटी एनुइटी के माध्यम से भी लेने को तैयार नहीं हैं, तो थर्ड ऑप्शन आपके सामने होता है सीसीईए के एप्रूवल लेने के बाद आप उसे दे सकते हैं। क्या आप इस संबंध में विचार कर रहे हैं कि ये सारे प्रोजेक्ट्स समय से पूरे हो जाएं यदि कोई बीओटी टोल या बीओटी एनुइटी के माध्यम से लेने को तैयार नहीं है तो सीसीईए का एप्रूवल लेकर उन सारी सड़कों को बनाएंगे? साथ ही मैं यह भी जानना चाहता हूं कि प्लानिंग कमीशन ने आपको सुझाया था कि मल्टी कंसेशन पर एग्रीमेंट का क्लॉज-29 है, उस क्लॉज को लेकर आपने भी आपत्ति व्यक्त की थी और एनएचएआई ने भी अपनी आपत्ति व्यक्त की थी। क्या क्लॉज-29 को आप उस एग्रीमेंट से डिलीट कर रहे हैं? मुझे क्लॉज-29 के बारे में यह जानकारी प्राप्त हुई है कि श्री बी.के. चतुर्वेदी की चेयरमैनशिप में जो कमेटी बनी थी, उसने भी यह रिकमेंड किया है कि इस क्लॉज के कारण प्राब्लम्स आ रही हैं, इसे डिलीट किया जाए। मैं आपसे इन विषयों पर जानकारी चाहूंगा।

श्री कमल नाथ : महोदया, माननीय सदस्य की बात सही है कि पहले टोल पर बिडिंग मंगाई जाती है। हमारा लक्ष्य है कि लगभग 60 प्रतिशत बीओटी टोल पर हो, 25 प्रतिशत एनुइटी पर हो और 15 प्रतिशत ईपीसी पर हो। जब टोल पर बिड मंगाई जाती है और बिड नहीं आती है, कई ऐसे उदाहरण हैं कि बहुत सी जगहों पर एक भी बिड नहीं आई, तब हम उसे एनुइटी में कंवर्ट करते हैं। माननीय सदस्य की यह बात भी सही है कि कभी एनुइटी में भी बिड नहीं आती है, तब हमें उसे ईपीसी पर ट्रांसफर करना पड़ता है। यह बात सही है कि इस प्रक्रिया में काफी समय निकल जाता है। पहले तीन-चार या पांच महीने बिड मंगाने में लगते हैं क्योंकि क्वालिफिकेशन होता है, उसके बाद प्राइस बिड होती है, फिर उसकी एनुइटी वाली प्रोशेस शुरू की जाती है। अगर उसमें सफलता न मिले तब हम ईपीसी पर जाते हैं। ऐसे उदाहरण जहां एनुइटी के लिए बिड नहीं आई हैं, हैं जरूर, लेकिन कम हैं। इसका एक कारण है कि जो हमारी प्रोजेक्ट कॉस्ट है, एनुइटी प्रोजेक्ट कॉस्ट पर फिक्स की जाती है और जहां हमारी प्रोजेक्ट कॉस्ट में यह एहसास हो कि वह सही नहीं है तो हमारी एनुइटी में भी बिड नहीं आती है। इस पर हम गंभीरता से विचार कर रहे हैं ताकि हमारी कोई बिड फेल न हो।

जहां तक क्लॉज-29 की बात है, मुझे याद नहीं है कि इसमें क्या प्रावधान है। I will inform the hon. Member

MADAM SPEAKER: Sure, you should inform him later.

श्री रामकिशुन : महोदया, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जिन राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण एक निश्चित सीमा के तहत कराया जाना है, उन राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण अभी तक क्यों पूरा नहीं हो सका है? मेरे क्षेत्र से एनएच-2 से राजा जमनिया होते हुए गाजीपुर, गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग चार वर्षों से लगातार निर्माण कार्य हो रहा है, लेकिन एक तरफ सड़क बन रही है और दूसरी तरफ वह राष्ट्रीय राजमार्ग खराब होता जा रहा है। क्या माननीय मंत्री जी उसकी जांच कराकर उस राष्ट्रीय राजमार्ग को तत्काल पूरा कराने का काम करेंगे।

कुँवर आर.पी.एन.सिंह : महोदया, माननीय सदस्य ने नेशनल हाइवे-2 की बात की, उसको अभी हमने टू-लेन या फोर-लेन के एनएचडीपी प्रोग्राम में नहीं लिया है। नेशनल हाइवे-2 पर हम मेंटिनेंस का काम करते हैं, रिपेयर का काम करते हैं। ...(व्यवधान) मेंटिनेंस में अगर किसी पर्टीकुलर स्ट्रेच में माननीय सदस्य को लग रहा है कि काम ठीक नहीं हो रहा है, तो हमें लिखित में उसकी जानकारी दें, हम उसे तत्काल दिखवा कर उस पर अच्छा काम कराने की व्यवस्था करेंगे।

श्री विजय बहुगुणा : अध्यक्ष महोदया, जो हिल्स स्टेट्स हैं हिमालय घाटी में, वहां का विकास बहुत हद तक पर्यटन और जल विद्युत परियोजनाओं पर निर्भर करता है। इन राज्यों में रोड कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए और उसे सुदृढ़ करने के लिए मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि हिमालय हाईवे का प्रस्ताव किसी वक्त सरकार के पास विचाराधीन था, क्या उस पर कोई कार्रवाई हो रही है?

श्री कमलनाथ: अध्यक्ष महोदया, हमारे देश में बहुत सी हिल्स स्टेट्स हैं। वहां पर अलग-अलग योजनाओं में एनएचडीपी के तहत प्रोग्राम्स चलाए गए हैं। जिन राज्यों में कोई नेशनल हाईवे नहीं है, इन हिल्स स्टेट्स की मदद सीआरएफ के माध्यम से भी हम करते हैं। जो हिल्स स्टेट्स हैं, हम प्रयास करते हैं कि उन्हें प्राथमिकता दी जाए और विभिन्न सेक्शन्स में इनके लिए योजनाएं बनाई जाएं।

SHRI C. SIVASAMI : Madam, in my Tirupur Parliamentary Constituency, the NH-47 from Chengapalli to Walayer is about to be upgraded as a six-lane track. While taking the private lands for the construction of the road, and while fixing the rates to the private lands, it is found that the land value is very much below the market value. Hence, the farmers are severely affected. So, while taking the private agriculture lands for the road development works, would the hon. Minister come forward to give the market value for the private agriculture lands?

SHRI KAMAL NATH: Madam, the acquisition is done under the NH Act and generally we are using the State Government officials as the Settlement Officers.

It is the State Government who is designated as the Settlement Officer, who executes the process of acquisition of land. Should there be any specific case where there is under valuation of land, uptill now there are very few cases which have come to my notice – where there is a belief that there is under valuation of land, hon. Member may write to me, and I would take this up with the NHAI, who would then take it up with the Settlement Officer.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Roads are declared as National Highways long back, a decade back – like NH-60 and NH-60A. But no improvement has been done on these roads which were declared as National Highways long back. I would like to know from the hon. Minister whether the widening and strengthening and making it from one lane to two lane,whether the Government would sanction those roads, which were declared as the National Highways for widening and strengthening of those roads and also rebuilding of the bridges which were in a very dilapidated condition.

SHRI KAMAL NATH: Road can only be widened, if the right of way land acquisition is there… . … (*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Land is available. … (*Interruptions*) Permission is not required.

SHRI KAMAL NATH: I must seek the hon. Member's assistance in this that one of the States which is the slowest in land acquisition is West Bengal.

SHRI BASU DEB ACHARIA : I am referring to the National Highway where acquisition is not required at all. … (*Interruptions*)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : They can only abuse Kumari Mamata Banerjee. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing will go on record.

(Interruptions) ... *

MADAM SPEAKER: Give the hon. Minister time to answer.

---

* Not recorded

… (*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : You are not doing anything to strengthen the widening of the roads. … (*Interruptions*) I am talking of NH-60 and NH-60A. … (*Interruptions*)

SHRI KAMAL NATH: I will be happy to share with the hon. Member and also seek his assistance that one of the slowest progress in any of the States in National Highways construction is West Bengal. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Nothing is going on record.

(Interruptions) ... *

SHRI KAMAL NATH: I am seeking your help.

MADAM SPEAKER: Let the hon. Minister finish his reply.

… (*Interruptions*)

MADAM SPAKER: Let him complete his answer.

… (*Interruptions*)

SHRI KAMAL NATH: I was only seeking the help of the hon. Member. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: All right. Is that all?

SHRI KAMAL NATH: Madam, I am only seeking the help of the hon. Member. I will be happy to share with him the progress of roads in West Bengal. … (*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : My question is specific and I expect the reply should also be specific. … (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Thank you very much hon. Minister.

Let us move on to the next question. Q. No. 342.

… (*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Let us have some order in the House.

… (*Interruptions*)

* Not recorded

(Q. No. 342)

श्रीमती उषा वर्मा : अध्यक्ष महोदया, नकली शराब और अन्य अवैध धंधे क्षेत्रीय पुलिस की सांठ-गांठ से होते हैं। क्षेत्रीय पुलिस को सारी जानकारी होती है कि अवैध धंधे कहां-कहां होते हैं। अगर वे लोग अपना अवैध धंधा बंद भी करना चाहते हैं, चूंकि पुलिस वालों का महीना बंधा होता है, इसलिए वे अवैध कार्य करने वाले लोगों को प्रेरित करती है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि ऐसी घटना की जानकारी मिलने पर क्या कभी पुलिस के खिलाफ कोई कठोर कार्यवाही की गई है?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय माकन): अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय सदस्या को बताना चाहता हूं और हम सब लोग जानते हैं कि एंट्री-8, लिस्ट-II के अंदर इनटोक्सीकेटिंग लीकर्स हैं, वे प्योरली स्टेट्स सब्जेक्ट हैं। बल्कि लॉ एंड पब्लिक आर्डर भी स्टेट सब्जेक्ट है, इसलिए राज्य सरकारों को इसे और मजबूती से चैक करना चाहिए।

श्रीमती उषा वर्मा : अध्यक्ष महोदया, नकली शराब और दूसरे अवैध धंधे अधिकतर गरीब और बेरोजगार लोग ही करते हैं।

मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि क्या कभी सरकार ने ऐसे लोगों को चिह्नित करके उन्हें कोई अन्य रोजगार उपलब्ध कराने की योजना बनाई है?

श्री अजय माकन : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को बताना चाहता हूं कि केंद्र सरकार की बहुत सी ऐसी योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से मिनिस्टरी आफ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट इस तरह के कार्य करने के लिए एनजीओज़ को प्रेरित करती है। एक स्कीम है फार प्रिवेंशन आफ एल्कोहलिज्म एंड सब्सटांस (ड्रग) एब्यूज, इसके साथ इंटिग्रेटिड रिहेब्लीटेशन सैंटर्स फार एडिक्ट्स, इन दोनों स्कीम्स के माध्यम से केंद्र सरकार अलग-अलग एनजीओज़ को जागरुकता फैलाने के लिए मदद करती है। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या और सदन को बताना चाहता हूं कि वर्ष 2009-10 में लगभग 262 आईआरसीए के सैंटर्स थे और लगभग 22.79 करोड़ रुपया इसके लिए वितरित भी किया गया है।

श्री नीरज शेखर : महोदया, आप कह रहे हैं कि यह स्टेट का मैटर है। लेकिन केंद्र सरकार कम से कम ऐसे कानून बना सकती है, जिससे कि इसे रोका जा सके। कुछ कड़े कानून सरकार को बनाने चाहिए। आपने जैसा उत्तर दिया है, उसके अनुसार जहरीली शराब और अवैध शराब से मरने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या केंद्र सरकार कोई ठोस कदम उठा रही है, जिससे कि इस पर रोक लग सके? मैं एक बात और पूछना चाहता हूं कि जहरीली शराब पीकर गरीब व्यक्ति मारे जाते हैं। क्या ऐसे लोगों के परिवार वालों को किसी प्रकार का अनुदान देने का विचार केंद्र सरकार या गृह मंत्रालय रखता है?

श्री अजय माकन : अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय सदस्य और सदन को बताना चाहता हूं कि एक्साइज एक्ट के तहत और प्रोहिबिशन एक्ट के तहत राज्य सरकारें कार्यवाही करती हैं। जब इस प्रकार की मृत्यु होती है, तो भी राज्य सरकारें कार्यवाही करती हैं।

एक्साइज एक्ट के तहत वर्ष 2008 में 1,25,085 लोगों के खिलाफ कोर्ट के माध्यम से कार्रवाई हुई। प्रोहिबिशन एक्ट में वर्ष 2008 में 1,94,171 लोगों के खिलाफ कोर्ट के माध्यम से कार्रवाई हुई और इस तरह से कार्रवाई हो रही है। राज्य सरकारें एग्रेसिवली एक्शन लेती है, हिस्सा लेती हैं तो वे कंट्रोल भी कर पाते हैं।

श्री शरीफ़ुद्दीन शारिक : अध्यक्ष महोदया, सवाल में कहा गया है कि गरीब लोग शराब पीते हैं और यह भी कहा गया कि मरने पर मुआवजा दिया जाए। मैं नहीं समझता हूं कि कोई शराब पिए और खुद मरने की तमन्ना करे। सरकार की क्या स्ट्रेटजी है कि उसे मुआवजा दे? मैं यह कहूंगा कि जो शराब पिए और शराब से मरे, हिन्दुस्तान की परंपरा को खराब करे उसे सख्त से सख्त सजा मरने के बाद भी देनी चाहिए।

श्री अखिलेश यादव : अध्यक्ष महोदया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं और आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि शराब से मृत्यु होती है। माननीय मंत्री जी यह बताएं कि आखिरकार मृत्यु शराब से होती है या उसके अंदर खराब शराब से होती है? शराब पीने में अमीर और गरीब का सवाल नहीं है। शराब तो सभी लोग पीते हैं, बहुत से वर्ग के लोग पीते हैं लेकिन सबसे ज्यादा गरीब लोगों की मृत्यु होती है। सूचना यही मिलती है कि मजदूर मर गए। मैं पूछना चाहता हूं कि असली शराब पीने से मृत्यु होती है या खराब शराब पीने से होती है? मैं विशेष तौर से उत्तर प्रदेश के बारे में कहना चाहता हूं कि इससे सबसे ज्यादा रेवेन्यू सरकार को मिलता है और इसके प्रयोग से गरीबों की भी मृत्यु हो रही है। इसके साथ सबसे ज्यादा ऑर्गेनाइज्ड शराब के माध्यम से अगर कहीं करप्शन हो रहा है तो वह उत्तर प्रदेश में हो रहा है। मैं समझता हूं कि जो जानें जा रही हैं, जो रेवेन्यू इकट्ठा हो रहा है और शराब से जो पैसा कमाया जा रहा है, मंत्री जी इन सबके बारे में कुछ कहेंगे।

श्री अजय माकन: अध्यक्ष महोदया, मृत्यु और ऐसे इंसीडेंट्स कन्ट्री लिकर में तब होते हैं जब ईथाईल एल्कोहल की जगह मेथनॉल की तादाद ज्यादा हो जाती है। जहां तक उत्तर प्रदेश की बात है, माननीय सदस्य ने सही बताया है कि उत्तर प्रदेश में पिछले तीन महीने के अंदर लगभग 88 लोगों की मृत्यु अलग-अलग स्थानों पर हुई है। 4 अप्रैल को वाराणसी और भदोही डिस्ट्रिक्ट में 23 लोग, 26 फरवरी को गाजियाबाद और बुलंदशहर में 49 लोग और 16 फरवरी को वाराणसी डिस्ट्रिक्ट में 16 लोग मरे। उत्तर प्रदेश में काफी तादाद में लोगों की मृत्यु स्पुरियस लिकर से हो रही है, यह बात सही है।

श्री दारा सिंह चौहान : महोदया, झारखंड और बिहार में लोग मर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदया : आप अपना स्थान ग्रहण करें।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : कृपया शांति बनाएं। प्रश्न काल चल रहा है।

श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह : अध्यक्ष महोदया, जहरीली शराब आम तौर पर खुलेआम गांवों में बिकती है। यह तब तक संभव नहीं है जब तक स्थानीय पुलिस प्रशासन की मिलीभगत न हो। यह तब तक नहीं रुकेगा जब तक जहरीली शराब बेचने वालों के मन में भय पैदा नहीं होगा। हम सरकार से जानना चाहते हैं कि क्या भारत सरकार राज्यों को यह निर्देश देगी कि वे अपने प्रशासन को सख्त निर्देश दें कि उन पर सख्त निगरानी रखी जाए और उनसे निपटने के लिए जहरीली शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए कानून में संशोधन किए जाने की जरूरत है।

श्री अजय माकन: माननीय सदस्य ने बिल्कुल सही कहा है कि जब तक स्थानीय पुलिस इस चीज के लिए पूरी तरह से आगे बढ़कर कार्य न करे, इसे रोक पाना बहुत मुश्किल हो जाएगा। राज्य सरकारों का संवैधानिक दायित्व है कि वह उन पर इसे अच्छे तरीके से लागू करें। जैसा मैंने कहा कि पुलिस और पब्लिक ऑर्डर राज्य सरकार के पास है, इसके माध्यम से लोकल पुलिस को और अच्छी भूमिका निभानी चाहिए। हम समय-समय पर राज्य सरकार को बार-बार एडवाइज देते रहते हैं कि किस प्रकार से इसे रोका जाए। इससे पहले भी एडवाइज दी गई है, अगर आगे जरूरत पड़ेगी तो हम और राज्य सरकारों को एडवाइज देंगे।

(Q. No. 343)

श्री बृजभूषण शरण सिंह : अध्यक्ष महोदया, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पीडीएस सिस्टम किस तरह से कोलेप्स कर चुका है, इसके बारे में सदन में कई बार चर्चा हो चुकी है। कल माननीय राजनाथ सिंह जी ने पीडीएस सिस्टम का एक नमूना रखने का काम किया था। कांग्रेस के एक बहुत सम्मानित नेता कई बार बयान दे चुके हैं कि जो पैसा दिल्ली से गरीबों के लिए भेजते हैं वह गरीबों के पास नहीं पहुंचता है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि कोटेदार का कमीशन मिट्टी के तेल, चीनी, राशन पर रोजगार करने के लिए पर्याप्त है? दूसरी तरफ जिला पूर्ति अधिकारी, परगना मजिस्ट्रेट, सप्लाई इंस्पेक्टर, फूड इंस्पेक्टर गोदाम प्रभारी कोटा सस्पेंड और बहाली के नाम पर 50,000 रुपए की उगाही कर रहे हैं। इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता है। मैं किसी पर आरोप नहीं लगा रहा हूं। हाउस में कई बार चर्चा हुई है कि हमारा सिस्टम फेल हो चुका है और इसके कारण गरीबों का हक उन तक नहीं पहुंचता है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इसे कौन ठीक करेगा? इसे रोकने के लिए क्या सरकार ने कोई उपाय या ठोस नीति बनाने का फैसला किया है या भगवान के भरोसे छोड़ दिया है?

कृषि मंत्री तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री शरद पवार): अध्यक्ष महोदया, हमने भगवान भरोसे नहीं छोड़ा है। सदन में सवाल उठाया गया है कि राज्य सरकारों को जो कोटा देते हैं, वह कहां तक लिफ्ट करते हैं? यह बात सही है और मैंने आंकड़े दिए हैं कि जो टोटल एलोकेशन राज्य सरकार का होता है, इसमें 70-80 परसेंट और कई जगह 90 परसेंट तक राज्य सरकारों की लिफ्टिंग होती है। राज्य सरकारों की जिम्मेदारी अलग है और भारत सरकार की जिम्मेदारी अलग है। भारत सरकार की जिम्मेदारी किसानों से खरीदना, राज्य सरकारों को उसके कार्यों के मुताबिक एलोकेशन करना है। एक बार राज्य सरकार को एलोकेट करने के बाद कमीशन क्या रखना चाहिए, कितनी दुकान रखनी चाहिए, दुकान पर निगरानी कैसी रखनी चाहिए, किस तरह से डिस्ट्रीब्यूशन करना चाहिए, ये पूरे अधिकार और जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। यहां से माल कैसे जाएगा और राज्य सरकार को कैसे देंगे, इस पर हमारा पूरा ध्यान है। माननीय सदस्य ने यहां जो एक समस्या खड़ी बताई है कि कुछ राज्यों में ठीक तरह से काम नहीं हो रहा है। इस बारे में सदन में इससे पहले भी बातें कही गई हैं। इसलिए राज्य सरकार के कंसर्न्ड मिनिस्ट्री के लोगों को जगह-जगह पर बुलाकर उनकी कांफ्रैन्स लेकर उन्हें आठ-नौ प्वाइंट का एक प्रोग्राम देकर, उन्हें सलाह देना, उनके ऊपर निगरानी रखना, इस पर हम लोगों ने कई बार ध्यान दिया है। मगर एलोकेशन का उठान करना और उसे लोगों तक पहुंचाने की अल्टीमेटली पूरी जिम्मेदारी स्टेट गवर्नमैन्ट की है।

श्री बृजभूषण शरण सिंह : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं बाअदब मंत्री से कहना चाहता हूं कि खाद्यान्न माफिया अधिकारियों से मिलकर सारे काड्र्स ले लेते हैं और उसे उठाते नहीं हैं, वे उसे केवल कागज में उठा लेते हैं और कागज में ही बेच देते हैं। जहां तक खरीद का सवाल है, आज की तारीख में उत्तर प्रदेश में कहीं भी गेहूं की खरीद नहीं हो रही है। वहां गेहूं की खरीद का एक भी सैन्टर नहीं चल रहा है। ...(व्यवधान) मैं इस पर लम्बी बहस में नहीं जाना चाहता हूं, मैं माननीय मंत्री जी से...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप प्रश्न पूछिये।।

श्री बृजभूषण शरण सिंह : हुजूर, ये लोग प्रश्न पूछने दें, तभी तो पूछें, सब लोग जानते हैं कि मिट्टी का तेल डीजल बन रहा है, जिसके कारण आज छोटी गाड़ियों से लेकर बड़ी गाड़ियां तक खराब हो जाती हैं। जब हम लोग कम्पनी में जाते हैं तो कहते हैं कि आपका डीजल खराब है। मेरा कहना यह है कि हम गरीबों के नाम पर सब्सिडी मिट्टी का तेल, चावल और गेहूं के रूप में भेजते हैं। ऐसे परिवारों को चिह्नित करके जिन्हें इसका लाभ मिलता है और मार्केट रेट से सब्सिडी रेट का जो अंतर मूल्य है, क्या इसे निकालकर आप सीधे लाभार्थी परिवारों के खाते में डालने का विचार कर रहे हैं, ताकि इस सिस्टम की यह खराबी दूर हो जाए या इसे ऐसे ही चलाते रहेंगे? क्या आप इस सिस्टम पर विचार करेंगे? लाभार्थी को सीधे पैसे के रूप में उस परिवार को दे दिये जाएं, क्या आप इस बात पर विचार करेंगे या नहीं करेंगे?

श्री शरद पवार : मैं इस बारे में कहना चाहता हूं कि यदि माननीय सदस्य स्पेसिफिक इंफॉर्मेशन हमारे पास भेजने के लिए तैयार हैं तो राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करने का काम मेरे मंत्रालय की तरफ से हो जायेगा। जहां तक डायरेक्ट उनके खाते में पैसे देने का सवाल है, इस बारे में अभी तक ऐसा कोई डिसीजन नहीं हुआ है। आज तक सभी राज्यों की एक ही डिमांड है कि हमें डायरेक्ट मैटिरियल की सप्लाई कीजिए और नीचे की सप्लाई हम करेंगे। इसलिए मैटिरियल की सप्लाई करने की जिम्मेदारी लेकर भारत सरकार वहां तक सीमित काम करती आई है।

श्री निनोंग ईरींग : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि हमारे अरूणाचल प्रदेश में पीडीएस के होलसेलर्स कौन तय करता है? क्या इन्हें केन्द्र सरकार तय करती है या वहां की राज्य सरकार तय करती है? जहां तक मेरे प्रश्न का सवाल है, उसमें मुख्य प्रश्न यह था कि वहां अभी कई सालों से नॉन-पेमेन्टस नहीं हुआ है, उसके कारण से उन दूर-दराज इलाकों में अभी तक फूड ग्रेन्स नहीं पहुंच पा रहा है। माननीय मंत्री जी कृपया इसका जवाब दें। मैं उनसे पहले भी मिल चुका हूं, परंतु सदन में यदि वह जानकारी दें तो बहुत अच्छा होगा।

अध्यक्ष महोदया : माननीय सांसद महोदय, आप भविष्य में अपना प्रश्न अपनी सीट से पूछें।

श्री शरद पवार : मेरा पहला जवाब देना आधा रहा। जहां तक उत्तर प्रदेश में खरीद की बात है,

उत्तर प्रदेश में खरीद के सेंटर चालू हैं और वहां कुछ माल खरीदा है। ट्रांसपोर्ट के बारे में अरूणाचल प्रदेश की एक बात यहां कही गयी है। यह बात सच है कि अरूणाचल प्रदेश में ट्रांसपोर्ट सब्सिडी के बारे में राज्य सरकार ने भारत सरकार के सामने क्लेम किया और भारत सरकार ने इसकी जांच करने के बाद इसे पूरी तरह से गहराई से देखा और यह पूरा का पूरा क्लेम भारत सरकार ने स्वीकार नहीं किया। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि वहां स्थिति ऐसी है कि गुवाहटी से ईटानगर ले जाते हैं और ईटानगर से बाकी जगहों पर अनाज पहुंचाने का काम करते हैं। गुवाहटी से ईटानगर ले जाने की पूरी जिम्मेदारी स्टेट गवर्नमेंट की होती है और ट्रांसपोटर्स की मदद लेकर वे अपना माल भेजते हैं। वर्ष 2001-02 में जो एमाउन्ट क्लेम किया गया था, वह एग्जक्टली फिगर मेरे पास नहीं है, मगर कुछ 16 या 18 करोड़ रूपए का था। वर्ष 2002-03 में वह 64 करोड़ रूपए हो गया, वर्ष 2003-04 में 410 करोड़ रूपए हो गए और वर्ष 2004-05 में 338 करोड़ रूपए हो गए हैं। मेरा ध्यान आकर्षित किया गया कि जहां 15 करोड़ रूपए का साल का बिल था, वहां दूसरे साल 400 करोड़ रूपए का बिल आया है तो इसमें कुछ न कुछ जांच करने की आवश्यकता है। वह जांच वहां शुरू की गयी है और जब तक यह जांच पूरी नहीं होती तब तक यह पूरा पेमेंट हम नहीं करेंगे, इस तरह की एक भूमिका भारत सरकार ने ली है। मगर वहां अनाज की सप्लाई हो जाए, इस बारे में हमन ध्यान दिया है। वहां भारत सरकार के छह नये डिपो खुले हैं। आम जनता को इसकी कीमत नहीं देनी पड़ेगी, इस पर हमारा पूरा ध्यान है।

डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी : महोदया, कल सदन में हमारे आदरणीय नेता श्री राजनाथ सिंह जी ने बताया था कि फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के गोदामों में अनाज कैसे सड़ रहा है। मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के गोदामों में अनाज की स्टोरेज पद्धति किस प्रकार से होती है? जो अनाज पहले आता है, उसे नीचे रखते हैं और जो उसके बाद आता है, it should be taken away in the same manner. जो अनाज पहले आता है, उसे पहले लगाना चाहिए। मेरे ख्याल से जो अनाज बाद में आता है, उसे ही उठाया जाता है और जो अनाज सबसे पहले आता है, वह वहीं पड़ा रहता है और वह सड़ जाता है। वह गरीब आदमी के पास नहीं पहुंचता है। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि स्टोरेज पद्धति के बारे में सरकार का क्या रवैया और प्रोसीजर है?

श्री शरद पवार : महोदया, यह सवाल इस बारे में है कि अरूणाचल स्टेट को अनाज पहुंचता है या नहीं पहुंचा है। माननीय सदस्य ने यहां जो सवाल उठाया है, इसके लिए मुझे अलग नोटिस की आवश्यकता है। जब मुझे पता लगा कि सम्माननीय राजनाथ सिंह जी स्वयं वहां गये, उन्होंने स्वयं जांच की और सदन के

सामने कुछ बातें कहीं, तब मैंने भी इसकी जांच करने के लिए फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन को उस जगह पर भेजा था। उनकी रिपोर्ट भी मेरे पास आयी है। इसमें मैं एक बात साफ करना चाहता हूं कि जो माल वहां खराब हुआ या जो माल सड़ा हुआ था, वह भारत सरकार या फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का नहीं था। वह माल हरियाणा गवर्नमेंट के फूड एंड सिविल सप्लाई डिपार्टमेंट का था। मगर चाहे वह माल हरियाणा सरकार का हो या भारत सरकार का हो, वहां ठीक तरह से माल को नहीं रखना, यह बात गलत है। इसके लिए उन्हें जो कुछ भी आवश्यक सूचना देने की जरूरत है, इस तरह की सूचना हरियाणा सरकार को इसके पहले भी दी थी और अभी भी दी है।

श्री राजनाथ सिंह : महोदया, इसमें मेरा नाम आया है इसलिए मैं इस पर बोलना चाहूंगा।

SHRI T.R. BAALU : Madam Speaker, to check the prices of food grains and to control them, the Government of Tamil Nadu is following the Universal Public Distribution System. Our requirement per month of rice is 3,17,000 tonnes whereas we are getting only 2,96,000 tonnes from the Common Pool.

But at the same time, I reliably understand that some of the States are not lifting the allocated quantity from godowns. In view of this situation, will the Central Government come forward to reallocate it to the needy States so that their requirement is fulfilled?

As far as wheat is concerned, Tamil Nadu is getting 10,000 tonnes on an ad-hoc basis. I understand that our godowns are flooded with wheat and yesterday some of our friends made a complaint that it is getting rotten. In view of this, will the Central Government come forward to allocate 10,000 tonnes of wheat to Tamil Nadu on a regular basis?

SHRI SHARAD PAWAR: Madam, it is a general question, but still I have no hesitation to reply.

Firstly, if there is a proposal from the Government of Tamil Nadu for additional allocation of wheat, whatever quantity they will ask, we will sanction and supply. There is no question of giving or supplying 10,000 or 20,000 or 30,000 tonnes. Whatever is their requirement, if I get a communication from the

Government of Tamil Nadu, that will be immediately approved and the material will be sent.

SHRI T.R. BAALU : What about rice?

SHRI SHARAD PAWAR: You asked about wheat. The question was specific about wheat and my commitment is for wheat.

SHRI T.R. BAALU : My first question was about rice only. Will the unutilized quantity of rice be reallocated to the needy States?

SHRI SHARAD PAWAR: We have to assess the overall stock position and overall procurement. Let me tell you frankly – and I would like to take the House into confidence – that the Khariff season which used to produce maximum quantity of rice in this country failed. More than 300 districts of our country were suffering from drought and that is why, this year in Khariff, there was a shortfall in rice production. But we tried our best to compensate the shortfall or bridge this gap during the Rabi season. Fortunately the farming community of this country has accepted that challenge and they have produced more wheat and rice. That is why, comparatively the rice position has improved. But I will assess the entire situation, I will see the stock position and then definitely I will consider the request of my hon. friend from Tamil Nadu.

The second issue which he raised was about the Universal Public Distribution System. In fact, I have made the position absolutely clear on a number of occasions in this House that the Government has taken a conscious decision towards Targeted Public Distribution System and that has been implemented for the last 10 years. It is not new. We always get one complaint from many hon. Members and that is about the BPL Card holders. It is said that the number of BPL Card holders that is accepted by the Government of India is incorrect and is much less than the actual number. The Cabinet has recently taken a decision and authorized the Planning commission that they should go into the matter in detail and submit their report within one month. So, whatever revised

report we will get from the Planning Commission about the number of BPL Card holders, that will be accepted and implemented.

श्री रमाशंकर राजभर : माननीय अध्यक्ष जी, राशन कार्ड पर चीनी, तेल, नमक, गेहूँ और चावल बँटता है। गेहूँ और चावल गाँवों में पैदा होता है और गाँवों से उठाकर हम उसे सैकड़ों किलोमीटर दूर लाकर स्टोर करते हैं। माननीय मंत्री जी से मैं जानना चाहूँगा कि इससे जो कैरिज बढ़ता है, जो स्टोरेज बढ़ता है और जो किसानों का पैदा किया हुआ सामान सड़ता है, उसके लिए क्या ग्राम पंचायत स्तर पर, न्याय पंचायत स्तर पर इसको स्टोरेज कराने की व्यवस्था करने का कोई विचार है?

श्री शरद पवार : कृषि मंत्रालय की गांवों में भंडार खोलने की एक योजना है। राज्य सरकार की तरफ से इस योजना का लाभ लेने के लिए जो प्रपोज़ल आते हैं, उनके लिए राज्य सरकार को पैसा देते हैं। जहां तक भंडारों की स्थिति का सवाल है, इन पर बहुत अधिक काम करने की आवश्यकता है। हमारे देश में वेयरहाउसिंग और गोदामों की जितनी मात्रा में आवश्यकता है, उतनी उनकी उपलब्धता नहीं है। इस कमी को दूर करने के लिए भारत सरकार ने एक स्पेशल प्रोग्राम चलाने का निर्णय लिया है।

श्री लालू प्रसाद : महोदया, आपने कृपा की है। आपका धन्यवाद।

महोदया, हम माननीय मंत्री जी की व्यथा को समझते हैं, क्योंकि विभाग के अलावा इनकी और भी भारी-भारी जिम्मेदारी है, जिसकी चर्चा विगत दो दिनों से चल रही है।

महोदया, माननीय मंत्री जी ने गरीबों के लिए लाल कार्ड, पीला कार्ड और सफेद कार्ड के तहत दो और तीन रूपये प्रति किलो पर चावल और गेहूं देने की बात कही थी। बिहार में सत्ताधारी हमारे साथी बुरा नहीं मानेंगे, पूरे बिहार में लाल और पीला कार्ड लेकर लोग भटक रहे हैं, करीब आठ सौ आदमी भूख से मर गए हैं। मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि लाल और पीला कार्डधारी के लिए बिहार सरकार द्वारा कितना उठाव किया गया है? वहां के उपमुख्यमंत्री का बयान आया कि चीनी की किल्लत इसलिए है, क्योंकि आपने बिहार के लिए चीनी का कोटा साउथ की मिलों से तय किया हुआ है। वहां से ढो कर लाने का खर्च कौन वहन करेगा? यह भी अखबार में बात आयी थी। आप पर विश्वास किया जाए या उनकी बात पर विश्वास किया जाए।

महोदया, मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, हम बिहारी लोग दिल्ली में आकर बदल जाते हैं, कृपया मेरी बात को ध्यान से सुनिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आप प्रश्न पूछिए।

श्री लालू प्रसाद : महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि अभी तक बीपीएल कार्डधारियों का निर्धारण पूरे देश और बिहार में नहीं हुआ है। इसके कारण कैरोसिन तेल और अन्य खाद्य पदार्थ आप जो भेजते हैं, उन सब में मिलावट हो जाती है। राज्य सरकार का अपने बचाव में यह बयान आता है कि दिल्ली से एलोकेशन नहीं मिल रहा है, भेदभाव हो रहा है। मेरा प्रश्न यही है कि बिहार सरकार द्वारा लाल और पीले कार्डधारकों के तहत खाद्य पदार्थों का कितना उठाव किया गया है? लोग भूख से मर रहे हैं, आप इस बारे में स्पष्ट उत्तर दीजिए।

श्री शरद पवार : महोदया, बिहार सरकार को अन्य राज्यों की ही तरह एलोकेशन किया जाता है। यह बीपीएल, एपीएल और अन्त्योदय कार्ड धारकों के लिए किया जाता है। वर्ष 2007-08 में बिहार सरकार के लिए 27,68,000 टन सैंक्शन किया गया था, लेकिन इसमें से बिहार सरकार ने 16,25,000 टन का उठाव किया था। वर्ष 2008-09 में 29,58,000 टन का एलोकेशन किया गया था, लेकिन 15,29,000 टन का उठाव किया गया था। वर्ष 2009-10 में 34,37,000 का एलोकेशन किया गया था, लेकिन 20,51,000 टन का उठाव किया गया। बिहार सरकार की तरफ से भारत सरकार के पास एक सुझाव आया है कि वहां गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की आबादी और भारत सरकार द्वारा स्वीकार की गई संख्या में फर्क है। उन्होंने हमें लिखित में इन्फार्म किया है कि उन्होंने घर-घर जाकर सर्वे किया है और उनका कहना है कि इस फिगर में बदलाव करने की आवश्यकता है। जैसा मैंने पूर्व में कहा कि योजना आयोग के सामने यह सभी बातें रखी गई हैं और योजना आयोग को यह सूचना दी गई है कि एक महीने में सभी राज्यों के बारे में हमें रिपोर्ट दीजिए, जिसके मुताबिक भारत सरकार हर राज्य को एलोकेशन कर सके।

श्री राजनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदया, माननीय मंत्री जी ने कहा कि जिन दो केन्द्रों पर, हरियाणा में जाकर मैंने एफसीआई गोडाउन के गेहूं का सेम्पल लिया था, उसे आपको और पूरे सदन को मैंने दिखाया था। आपका कहना यह है कि उसे हरियाणा गवर्नमेंट ने परचेस करके पूरा स्टॉक कर रखा था। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि हरियाणा में कौन-कौन से ऐसे एफसीआई के गोडाउंस हैं, जहां पर सेंट्रल पूल का भी गेहूं रखा हुआ है, साथ-साथ स्टेट गवर्नमेंट के द्वारा परचेस किया हुआ अथवा किसी भी प्रकार से रखा गया हो?

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि जब मैंने वहां के कर्मचारियों से जानकारी हासिल की तो मुझे बताया गया कि फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया का ही सेंट्रल पूल का यहां गेहूं रखा गया है। यह बात हमारी समझ के परे हैं कि वहां पर सेंट्रल पूल का गेहूं और हरियाणा स्टेट का भी गेहूं रखा है। मैं सदन को यह भी बताना चाहता हूं कि यह केवल एक-दो गोडाउंस

की बात नहीं है - चाहे वह राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब या हरियाणा हो। एफसीआई के गोडाउंस में गेहूं सड़ रहे हैं और सन् 2008 से सड़ रहे हैं। कृपया आप इसका संज्ञान लेने का कष्ट करें और जो भी इसके लिए जिम्मेदार हों, उन्हें पनीश करने की व्यवस्था होनी चाहिए और पीडीएस सिस्टम के गेहूं को जिस तरीके से मिला कर राज्यों को भेजा जा रहा है, मैं इस संबंध में आपको कई उदाहरण भी दे सकता हूं। मैं खेड़ी गांव में हरियाणा में गया था।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया: आप प्रश्न पूछिए।

श्री राजनाथ सिंह : वहां मुझे एक महिला ने बताया कि जो गेहूं पीडीएस सिस्टम से मिला हुआ है, वह इतना सड़ा हुआ है कि यदि उस आटे की हम रोटी बनाना चाहें तो उसकी रोटी नहीं बन सकती। उस आटे से बदबू आती है, कृपया आप उसका संज्ञान लें और इस दिशा में कार्यवाही करें।

श्री शरद पवार: अध्यक्ष महोदया, बात यह है कि कौन से गोडाउन में भारत सरकार का एफसीआई का माल है और कौन से में हरियाणा सरकार का है, इसकी इन्फोरमेशन अभी मेरे पास नहीं है। मगर मैं जरूर यह इन्फोरमेशन कलेक्ट करूंगा और माननीय सदस्य को दूंगा। माननीय सदस्य ने जो दूसरी बात कही है कि अन्य कुछ जगहों पर भी इस तरह की व्यवस्था ठीक नहीं है, वहां सुधार करने की आवश्यकता है, मैं उनसे इसकी इन्फोरमेशन मांगूंगा और उसमें सुधार भी करूंगा तथा सख्ती से कार्यवाही भी करूंगा।...(व्यवधान)

(Q. No. 344)

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल : अध्यक्ष महोदया, हम सब जानते हैं कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। कृषि हमारे देश की रीढ़ की हड्डी के समान है। कृषि को जब उद्योग का दर्जा दिया जाएगा, तब देश में लोगों का विकास होगा। कृषि फसलों की तरह उत्पादन पद्धति और बाजारी अर्थव्यवस्था में मूलभूत परिवर्तन की आवश्यकता है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगी कि बागवानी खेती बढ़ाने के लिए, हालांकि बीज सिंचाई सुविधाएं आदि के लिए सस्ते ब्याज पर बैंकों से धन मुहैया कराने का सरकार का कोई इरादा है, इनके बारे सरकार ने क्या सोचा है?

श्री शरद पवार: बागवानी का विस्तार करने के लिए भारत सरकार ने होर्टीकल्चर डेवलपमेंट बोर्ड की स्थापना पहले से की हुई थी और नेशनल होर्टीकल्चर बोर्ड के माध्यम से किसानों को इसमें मदद करने का कार्यक्रम पूरे देश में आज भी चालू है। नेशनल होर्टीकल्चर मिशन नाम का एक नया कार्यक्रम भारत सरकार ने हाथ में लिया और इसमें अभी तक 4228 करोड़ रुपए सन् 2005 से 2009 तक रिलीज किए गए और सन् 2009-10 को 725 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। देश में होर्टीकल्चर को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की स्कीम को अमल कर रहे हैं। और उसका सभी की तरफ से अच्छा रेस्पांस मिला है। इसके साथ-साथ नॉर्थ ईस्ट स्टेट्स और हिली स्टेट्स के लिए एक और अलग स्कीम इसी तरह की बनाई गई है, जिसके माध्यम से वहां भी मदद की जाती है। मदद करने का जो तरीका है, वह दो-तीन किस्म का है। एक तो हम फायनेंश्यल सपोर्ट करते हैं, दूसरा नर्सरी के लिए अच्छा प्लांटिंग मटीरियल मिलना चाहिए, तो इसके लिए अच्छी नर्सरी निकालने के लिए कोई कोशिश करता है, तो उसे भी हम मदद करते हैं और तीसरे प्रकार की सहायता के अन्तर्गत जब माल तैयार होगा, तो उसके लिए मंडी बनाने की आवश्यकता होती है, फिर चाहे गांव की मंडी हो, चाहे डिस्ट्रिक्ट की मंडी हो, चाहे रीजनल मंडी हो या टर्मिनल मार्केट हो, उसके लिए भी फायनेंश्यल सपोर्ट भारत सरकार की तरफ से किया जाता है।

इसके साथ-साथ स्टोरेज की व्यवस्था करने के लिए, यदि कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता हो, तो सब्सिडी देकर, कोल्ड स्टोरेज बनाने का कार्यक्रम इसमें लिया गया है। इसके लिए किसानों की तरफ से ठीक प्रकार का समर्थन मिल रहा है।

महोदया, मुझे इस बात को कहने में बहुत खुशी हो रही है कि हिन्दुस्तान, आज फल और सब्जियों के उत्पादन के बारे में दुनिया में दो नंबर पर पहुंच गया है। इसमें हॉर्टीकल्चर मिशन का बहुत योगदान है।

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल : आदरणीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए अनउपजाऊ और परती जमीनों के विकास के बारे में भारत सरकार ने गुजरात के मुख्य मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी, जिसने देशभर में जो परती भूमि उपलब्ध है, उसके उपयोग के बारे में सुझाव दिए थे, लेकिन अब तक इस समिति की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई की गई है, इसकी कोई जानकारी नहीं मिली है। इस समिति ने सुझाव दिया था कि भारत सरकार को परती भूमि के विकास के लिए बड़े पैमाने पर प्राईवेट-पब्लिक साझेदारी बनाकर, कार्य प्रारम्भ करना चाहिए। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि इस समिति की रिपोर्ट में दिए गए सुझावों को लागू करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

SHRI SHARAD PAWAR: Regarding the first question, I will require a separate notice for that because the question was regarding utilization of waste land. That was not the main Question. Regarding exports, एक्सपोर्ट की पूरी जिम्मेदारी एपीडा की है, यह काम उसी के माध्यम से होता है कि which is under the control of the Commerce Ministry. There are a number of Schemes in the Commerce Ministry. Through APEDA they are supporting the exports of various items of the agricultural produce to the farmers.

DR. M. THAMBIDURAI : Madam Speaker, the hon. Minister has said that to increase the income of the farmers, the Government is promoting horticulture cultivation and establishment of agro-based industries. Hosur in Tamil Nadu is famous for cut flower cultivation but the farmers of that area are suffering as they are not able to get sufficient fertilizers and also due to high prices of fertilizers. Therefore, I would like to know from the Minister whether the Government will come forward to give sufficient fertilizers to the farmers at concessional rate. Instead of sorting out the problem, our hon. Fertilizer Minister has gone to Maldives on a holiday trip. Our farmers are suffering a lot. The hon. Fertilizer Minister is not coming to the House and also is not trying to solve this problem. Therefore, I would like to know from the Agriculture Minister whether he would come forward to solve the problem of agricultural farmers by way of giving sufficient fertilizers at concessional rate.

SHRI SHARAD PAWAR: In the Horticulture Mission, the Government of India is supporting the farmers not only in horticultural fruits but even in floriculture. So, if any specific proposal about the development or expansion of that area under floriculture, definitely I will be happy to consider it.

The second issue which he has raised is about the supply of fertilizers and the price of fertilizers. I have not got any detailed information about that. That particular subject is dealt by the Ministry of Chemicals and Fertilizer. If there is a specific requirement of fertilizer, I have no hesitation to convey it to the concerned Ministry, and some cooperative plan to supply sufficient fertilizer in that area can be made.

About the price of fertilizers, the price has been fixed, and that is uniform for the whole country.

MADAM SPEAKER: Shri Shivaji Adhalrao Patil. You have a very little time.

SHRI ADHALRAO PATIL SHIVAJI : Our experience in contract farming by multinationals and corporate houses in my Constituency, particularly in Puna District, is very good.

MADAM SPEAKER: Be quick. You just have one minute.

SHRI ADHALRAO PATIL SHIVAJI :Yeah. I would like to ask the hon. Minister whether the Government has any scheme or the Government would like to come out with any scheme, which will help and offer farmers crop insurance schemes, particularly on potatoes and onions.

SHRI SHARAD PAWAR: There is a separate insurance for agricultural produce. One has to see what items have exactly been selected by the insurance companies. But if any specific support is required to that particular area, I would be happy to give full support and expand the programme.

MADAM SPEAKER: Thank you.

12.00 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE

MADAM SPEAKER: Now, Papers to be laid.

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND MINISTER OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI SHARAD PAWAR): I beg to lay on the Table a copy of the Outcome Budget (Hindi and English versions) of the Department of Food and Public Distribution, Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution, for the year 2010-2011.

(Placed in Library, See No. LT 2118/15/10)

THE MINISTER OF MINES AND MINISTER OF DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION (SHRI B.K. HANDIQUE): I beg to lay on the Table a copy each of the following papers (Hindi and English versions):-

(1) Memorandum of Understanding between the National Aluminium Company Limited and the Ministry of Mines for the year 2010-2011.

(Placed in Library, See No. LT 2119/15/10)

(2) Memorandum of Understanding between the Hindustan Copper Limited and the Ministry of Mines for the year 2010-2011.

(Placed in Library, See No. LT 2120/15/10)

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES (SHRI DINSHA PATEL): I beg to lay on the Table:–

(1) A copy of the Outcome Budget (Hindi and English versions) of the Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises, for the year 2010-2011.

(Placed in Library, See No. LT 2121/15/10)

(2) A copy of the Statement (Hindi and English versions) explaining reasons for not laying the Annual Report and Audited Accounts of the Indian Institute of Entrepreneurship, Guwahati, for the years 2007-2008 and 2008-2009 within the stipulated period of nine months after the close of the respective accounting years.

(Placed in Library, See No. LT 2122/15/10)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN): I beg to lay on the Table a copy of the Citizenship (Registration of Citizens and Issue of National Identity Cards) Amendment Rules, 2010 (Hindi and English versions) published in Notification No. G.S.R. 207(E) in Gazette of India dated the 23rd march, 2010 under sub-section (4) of Section 18 of the Citizenship Act, 1955.

(Placed in Library, See No. LT 2123/15/10)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI AJAY MAKEN): I beg to lay on the Table a copy of the Lotteries (Regulation) Rules, 2010 (Hindi and English versions) published in Notification No. G.S.R. 278(E) in Gazette of India dated the 1st April, 2010 under sub-section (2) of Section 11 of the Lotteries (Regulation) Act, 1998.

(Placed in Library, See No. LT 2124/15/10)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION (PROF. K.V. THOMAS): I beg to lay on the Table:–

(1) A copy of the Notification No. G.S.R. 70(E)/Ess. Com./Sugarcane (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated the 10th February, 2010, fixing the price of sugar, mentioned therein, as the fare and remunerative price in respect of the State mentioned in the Notification for the sugar year 2009-2010 under sub-section (6) of Section 3 of the Essential Commodites Act, 1955.

(Placed in Library, See No. LT 2125/15/10)

(2) A copy each of the following papers (Hindi and English versions) under Section 619A of the Companies Act, 1956:-

(a) (i) Review by the Government of the working of the Karnataka Meat and Poultry Marketing Corporation Limited, Bangalore, for the year 2008-2009.

(ii) Annual Report of the Karnataka Meat and Poultry Marketing Corporation Limited, Bangalore, for the year 2008-2009, alongwith Audited Accounts and comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

(Placed in Library, See No. LT 2126/15/10)

हमारे वित्त मंत्री महोदय, अक्सर कौटिल्य का उदाहरण देते हैं। कौटिल्य ने इस बारे में जो कुछ कहा है, अगर उसे पढ़ लिया जाये, तो बहुत कुछ बातें साफ हो जायेंगी। कौटिल्य ने कहा है कि विदेश नीति का उद्देश्य क्या है? वह कहता है कि विदेश नीति उद्देश्यहीन नहीं होती। यह एक स्पष्ट दृष्टि के साथ होती है, उद्देश्य के साथ होती है। उसका एक उद्देश्य राज्य का प्रभाव क्षेत्र बढ़ाना है। राज्य का आस-पास के देशों में ही नहीं, बल्कि दूर तक उसका प्रभाव पड़े, लोग उसके बारे मे अच्छी बातें सोचें, उसको शक्तिशाली मानें और राज्य शक्ति का संचय करे, इसके लिए उसने कहा है कि राज्य का सैन्य बल और अर्थ बल जरूरी है। इसलिए उसने कहा है कि विदेश नीति, अर्थ नीति, प्रतिरक्षा नीति आपस में जुड़ी होनी चाहिए और एक दिशा में बढ़नी चाहिए। उसने यह भी कहा है कि विदेश नीति का एक उद्देश्य यह भी है कि दुनिया भर में जहां-जहां साधन है, उन साधनों को अपने राज्य में लाने का प्रयत्न होना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि यह उद्देश्य हमारी विदेश नीति से दिखाई देता है। फिर उसने यह भी कहा है कि विदेश नीति का एक उद्देश्य शत्रु और मित्र की पहचान करना है, मित्रों का संचय करना है और शत्रुओं को पराभूत करना है। वे हमारे ऊपर हावी न हो सकें, ऐसी व्यवस्था करनी है। इसलिए विदेश नीति का एक जो व्यापक उद्देश्य है, उसे ध्यान में रखने की जरूरत है। अब ये ढाई हजार साल पहले उसने कहा था। आज की परिस्थिति में इसे हम री-इंटरप्रेट कर सकते हैं और उसके अनुसार हम विदेश नीति का एक स्पष्ट उद्देश्य बनायें। अक्सर हम सुनते रहते हैं कि भारत एक इमर्जेंट ग्लोबल पावर है। उसका एक तर्क यह दिया जाता है कि हमारी अर्थव्यवस्था बड़ी तेजी से बढ़ रही है। दुनिया के नम्बर दो स्थान की तरफ बढ़ रही है। कभी कहा जाता है कि शायद हम नम्बर एक पर अर्थव्यवस्था की विकास दर में हो जायें।

महोदय, मुझे यह कहने में कोई आपत्ति नहीं है कि केवल अर्थव्यवस्था से आप इमर्जेंट ग्लोबल पावर नहीं बन सकते। आखिर जर्मनी और जापान की अर्थव्यवस्थाएं बहुत सुदृढ़ हैं और दुनिया की दूसरे-तीसरे नम्बर की अर्थव्यवस्थाएं हैं, लेकिन इनमें से कोई भी इमर्जेंट ग्लोबल पावर नहीं बना, क्योंकि इनकी जो आर्थिक शक्ति है, यह सामरिक शक्ति में परिणित नहीं हुई। इसलिए जब तक आपकी इकोनॉमिक पावर,

आपकी मिलिट्री पावर में परिवर्तित नहीं होती, उन दोनों के बीच में समन्वय नहीं होता, आप वर्ल्ड पावर नहीं बन सकते। अगर आपका ख्याल यह है कि अमेरिका के कंधे पर बैठकर आप वर्ल्ड पावर बन जायेंगे, तो माफ कीजिए, कोई किसी के कंधे पर बैठकर वर्ल्ड पावर नहीं बन सकता। वह तो आपको अपनी ताकत से, अपनी शक्ति से बनना पड़ेगा। मैं आपको यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि इमर्जेंट ग्लोबल पावर कहने का अर्थ केवल यह है कि हम आर्थिक दृष्टि से समृद्ध हो जायेंगे या हमारी विकास की दर, ग्रोथ की दर बढ़ जायेगी, उससे हम कोई इमर्जेंट ग्लोबल पावर हो जायेंगे, ऐसा नहीं है। चीन इसलिए ग्लोबल पावर बना, क्योंकि उसकी इकोनॉमिक पावर, उसकी मिलिट्री पावर में प्रदर्शित हो गयी। Until and unless the economic power is translated into the military power, you cannot become a global power. अमेरिका की अर्थव्यवस्था घट रही है, लेकिन वह बैठा हुआ है, क्योंकि उसके पास एक दृढ सामरिक शक्ति है। वह दूसरे देशों को कवर दे देता है, इसलिए देश उसके साथ हैं। आप कुछ भी नहीं दे सकते। इसलिए आपकी विदेश नीति और सामरिक नीति, इन दोनों के बीच में गहन संबंध होना चाहिए।

यहां प्रणब मुखर्जी जी बैठे हैं। उन्होंने सन् 2008 में इस बारे में कहा था कि --

> "On the day the Chinese Naval Chief arrived in New Delhi on his maiden visit to India, the External Affairs Minister Pranab Mukherjee said that China's rise was India's new security challenge."

उस समय आप विदेश मंत्री थे। मैं समझता हूं कि यह बात इनकी फाइलों में कहीं न कहीं होगी। आप उसे देख लीजिए। फिर आप देखें कि इस इमर्जिंग चैलेंज का हम किस तरह से सामना कर सकते हैं।

आप अगर गौर करेंगे तो आप देखेंगे कि चीन हमारे लिए क्या-क्या कठिनाइयां पैदा कर सकता है। चीन हमारा निकट पड़ोसी है। पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका हमारे निकटवर्ती पड़ोसी देश हैं। इनके साथ हमारे क्या संबंध हैं और चीन वहां क्या कर रहा है? क्या हमने इन देशों को मित्र बनाया है? क्या इनमें हमारा प्रभाव बढ़ा है या चीन का प्रभाव बढ़ रहा है? मेरे पास पिछले साल की एक रिपोर्ट है जो रॉ की तरफ से दी गयी है। इसमें कहा गया है:

> "China out to clip India's wings; makes massive investments in neighbouring countries to spike nation's regional aspirations."

यानि ग्लोबल तो दूर की बात है, हम रीजनल पावर भी न बन पाएं इसके लिए चीन पूरे प्रयत्न कर रहा है। आप देखें कि हमने क्या गलती की है। आज चीन पाकिस्तान के साथ जुड़ा हुआ है। पाकिस्तान को

चीन ने हथियार और पैसे दिए हैं और साथ ही साथ उसके मार्फत ग्वाडर में एक बंदरगाह बनाना चाहता है, अरब सागर में पहुंचना चाहता है। इसी तरह से म्यांमार और बांग्लादेश के साथ उसके संबंध बढ़ रहे हैं। चिटगंग पोर्ट को वह विकसित करना चाहता है। हम क्या कर रहे हैं? श्रीलंका एक पोर्ट बनाना चाहता था, लेकिन हमने उसकी मदद नहीं की। वहां आज चीन घुस गया है। श्रीलंका अपने हम्बनटोटा पोर्ट के बारे में चाहते थे कि हम लोग उसको विकसित करने में उनकी मदद करें, एक मल्टीलैट्रल और मल्टीपरपज पोर्ट के तौर पर उसे विकसित करने में हम मदद करें, लेकिन हमने मना कर दिया। अब चीन वहां आएगा, जब चीन उसकी मदद कर रहा है, तो चीन के जहाज वहां आएंगे। वे आपको दक्षिण से घेर लेंगे। माले ने इसी तरह का एक समझौता चीन के साथ कर लिया है। हैनीमाधो उनका एक बेस है, वहां चीन को बेस बनाने की इजाजत मिल गयी। चीन के लोग वहां आएंगे और एक बेस बनाएंगे। आप घिर रहे हैं। चिटगंग पोर्ट से चीन उधर जाना चाहता है, ग्वाडर से अरब सागर में जाना चाहता है, नेपाल में अलग से घुसना चाहता है। नेपाल के सारे इंफ्रास्ट्रक्चर में चीन घुस रहा है, बहुत लो बिड़िग कर रहा है और नतीजा यह है कि आपको उसने एक तरह से घेर लिया है।

आपके अंदर वह और गड़बड़ियां भी फैला रहा है। उनका एक लेख था, जो मैंने पिछली बार भी पढ़कर सुनाया था, इसमें उसने कहा है कि भारत का 25-30 टुकड़ों में बांट दो। यह एक बड़ी खतरनाक बात है। अगर वह यह बात कह रहा है, उसका लेख छप रहा है, उसकी तरफ से बराबर यह बात कही जा रही है कि इंडिया को तोड़ दो और उस लेख को लिखने वाले व्यक्ति को चीन सरकार का समर्थन प्राप्त है। वह पहले से भी ऐसा कहता आ रहा है, इसके लिए कोशिश भी कर रहा है। हमारे यहां के उपद्रवी लोगों को, आतंकवादियों को, उग्रवादियों को, नक्सलवादियों को हथियार आदि की मदद चीन से आने की खबरें आती रहती हैं। उसके लिए हम क्या कर रहे हैं? हमारे यहां नकली दवाइयां चीन की तरफ से भेजी जाने की खबरें आती रहती हैं, यानि हमारी अर्थव्यवस्था को हर तरह से नष्ट करने की कोशिश चीन कर रहा है, राजनीतिक व्यवस्था को नष्ट करने की कोशिश करता है। हम क्या कर रहे हैं? इसको काउण्टर करने के लिए हमने क्या सोचा है?

मैं आपको फिर से याद दिलाना चाहता हूं, पिछली बार भी मैंने यह बात कही थी, एक समय था जब हम या तो पाकिस्तान से लड़ते थे, उस समय चीन चुप रहता था, अमेरिका और रूस चुप रहते थे। फिर जब कभी चीन से लड़ते थे, तो पाकिस्तान चुप रहता था, लेकिन आज ये दोनों मिल गए हैं और पिछली बात भूल जाइए, जब वर्ष 1962 में अमेरिका आपकी पुश्त पर खड़ा था। अब ऐसा नहीं है। अमेरिका पाकिस्तान को भी नहीं छोड़ सकता है और चीन को भी नहीं छोड़ सकता है। भगवान न करे अगर कोई ऐसी स्थिति आ गयी तो फिर इनमें से कोई भी आपकी मदद करने नहीं आएगा। अमेरिका आपकी मदद

करने नहीं आएगा। उसकी कोशिश यही है कि पाकिस्तान को अपने साथ मिलाकर रखे। उसे अफगानिस्तान से निकलना है। इसके लिए वहां एक नई थ्योरी आ गयी है - गुड तालिबान और बैड तालिबान। वह कहता है कि गुड तालिबान के हाथ मे अफगानिस्तान को छोड़ दो, बैड तालिबान को हिन्दुस्तान की तरफ जाने के लिए पाकिस्तान को छुट्टी दे दो। अमेरिका पाकिस्तान को आर्थिक और सामरिक मदद कर रहा है। आज परंपरागत लड़ाई के मामले में पाकिस्तान आपसे पीछे नहीं है, आपसे आगे है।

उसके पास अत्याधुनिक हथियार हैं, वह कहां ले जाएगा, क्या चीन से लड़ेगा या ईरान से लड़ेगा, वह इन सबका प्रयोग भारत के खिलाफ करेगा। मैंने अभी देखा कि अमेरिका की तरफ से कहा गया है कि आप बिल्कुल भरोसा रखिए, वे हथियार हिन्दुस्तान के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होंगे। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि यह तो उन्होंने मौखिक कहा है। जनरल आइसान हॉवर ने तो लिखित बयान दिया था जब वह पाकिस्तान को हथियारबंद कर रहे थे, तब हम लोगों ने यह आपत्ति उठाई थी, इस देश के लोगों ने, तब उन्होंने यही कहा था कि हम गारंटी देते हैं, लिखित देते हैं, लेकिन क्या हुआ उसका, आप देखें कि हमारे खिलाफ उन हथियारों का उपयोग हुआ। इसलिए आप अमेरिका की इस गारंटी के भरोसे मत बैठिए, पाकिस्तान की नीयत को देखिए। पाकिस्तान के आज तक के इतिहास को देखिए। इसलिए आप इस बारे में गम्भीरतापूर्वक विचार कीजिए कि जो अमेरिका ने आज नीति बदल दी है पाकिस्तान के साथ फिर से ज्यादा निकट सम्बन्ध रखने की और हिन्दुस्तान को थोड़ा सा अलग रखने की, वह हमारे लिए गम्भीर चिंता का विषय है।

आप स्ट्रेटेजिक सम्बन्ध बनाए हुए हैं अमेरिका से, बार-बार उसकी दुहाई देते हैं। उसका परिणाम हमें क्या मिला, आप देखिए कि पाकिस्तान के ऊपर उनका नियंत्रण नहीं है। वे कहते हैं कि हमारा पाकिस्तान के साथ शेयर्ड इंटरेस्ट है। मुझे यह सुनकर हैरानी हुई। ओबामा साहब ने कहा कि हां हमारी जो यह नीति है इसमें हम पाकिस्तान के साथ शेयर्ड इंटरेस्ट के साथ जाएंगे। What are those shared interests? यह गुड तालिबान-बैड तालिबान उनके शेयर्ड इंटरेस्ट हैं या हिन्दुस्तान में पाकिस्तान जो आतंकवादी कार्रवाइयां कर रहा है, वह शेयर्ड इंटरेस्ट है। पिछले दिनों ओबामा साहब ने कहा, जब उनसे पाकिस्तान के जनरल कियानी मिले, तो उन्होंने कहा, I love Pakistan. As a college student I had visited Pakistan and we had shared values. What are those values? क्या पाकिस्तान की वेल्यूज और अमेरिका की वेल्यूज समान हैं? हमसे भी आकर कहते हैं कि आपके साथ हैं शेयर्ड वेल्यूज, यह सब क्या हो रहा है, हम इस तरफ क्यों नहीं ध्यान दे रहे कि दुनिया में जो विदेश नीति का चक्र है, वह किधर घूम रहा है। क्या वह हमारे देश के हित में घूम रहा है?

आपने अमेरिका के दबाव में आकर ईरान के बारे में अपनी नीति बदल दी। आज आपको वहां से गैस नहीं मिल रही है। ईरान के लिए आपकी क्या नीति है? मध्य एशिया के लिए आपकी क्या नीति है? ये तमाम ऐसे देश हैं जो प्राकृतिक साधनों से भरे हुए हैं। वे आपकी तरफ से मित्रता का भाव देखना चाहते हैं, लेकिन आप मित्रता नहीं करते। आपका उनसे कोई सम्बन्ध स्थापित नहीं होता।

मंगोलिया ने आपके साथ सम्बन्ध स्थापित किया था। मंगोलिया सांस्कृतिक दृष्टि से भी आपके काफी निकट है। मंगोलिया जब रूसी तंत्र से आजाद हुआ तो उसने अपने संविधान में लिखा कि हम नागार्जुन, बुद्धिज्म के आधार पर अपना शासन चलाएंगे। नागार्जुन और बुद्धिज्म भारत की देन हैं। इतना निकट का सम्बन्ध उनके साथ हमारा है। वे गंगाजल अपने सिर पर रखकर ले जाते थे। लेकिन आज क्या स्थिति है? भारत सरकार ने वाजपेयी जी के जमाने में उनको एक सेंटर दिया। एक सेंटर पहले से था। एक सेंटर का नाम अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर और दूसरे सेंटर का नाम राजीव गांधी सेंटर है। आपकी सरकार ने राजीव गांधी सेंटर की एड चालू रखी और अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर की एड बंद कर दी। क्या बात थी, क्या ऐसे विदेश नीति चलेगी? वहां के सांसद यहां आए थे, उन्होंने कि साहब यह क्या हो रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि आपकी विदेश नीति के संचालन का उद्देश्य क्या है? क्या आप मंगोलिया को दूर करना चाहते हैं, क्या आप उसे चीन के प्रभाव में ऐसे ले जाना चाहते हैं कि वह इस तरफ कभी आंख उठाकर भी न देखे? यह सोचने की बात है कि विदेश नीति का मतलब क्या है। हमारे कितने मित्र देश हैं। जो बने हुए हैं, वे हमसे दूर क्यों जा रहे हैं।

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI S.M. KRISHNA): The hon. Member is making a reference to Rajiv Gandhi and Atal Bihari Vajpayee. I did not get the full import of that.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : There were two academic educational centres given by the Government of India in Mongolia. One was named as Rajiv Gandhi Centre and the other as Atal Bihari Vajpayee Centre. I did not stop the grant of Rajiv Gandhi Centre, as a Minister I was dealing with it. But now, their Members of Parliament came here and told me that there is grant only to one institute and for the other there is no grant. Please examine it.

If it is so, correct it. आप इस बारे में बताएं। हमें उनकी तरफ से यह सूचना मिली है, इसलिए मैं आपको बता रहा हूं। मैं इसलिए भी बता रहा हूं क्योंकि मैं बताना चाहता हूं कि विदेश नीति में कहां सुधार की जरूरत है। सैंट्रल एशिया के जो तमाम देश हैं, उनसे हमारे बहुत पुराने संबंध हैं। लेकिन आज आपका

उनसे निकट का संबंध नहीं है। इसकी क्या वजह है? वे हमारे लिए प्राकृतिक संसाधनों का बहुत बड़ा खजाना हैं। वे हमसे मित्रता चाहते हैं। वे भारत के पुराने इतिहास को जानते हैं। वे जानते हैं कि भारत का सैनिक या राजनीतिक दबदबा बनाने का कोई उद्देश्य नहीं रहा है। वे मित्रता चाहते हैं। वे डरे हुए हैं। उन्हें लग रहा है कि चीन उनके सामने मुंह खोले खड़ा है। उनको संकट लग रहा है और वे आपके साथ आना चाहते हैं, लेकिन आप उन्हें साथ नहीं लेना चाहते हैं। मैं निवेदन कर रहा हूं कि आप मित्रों का संचय कीजिए। मुझे चीन के बारे में ज्यादा नहीं कहना है, क्योंकि सदन को मालूम है कि वह कराकोरम तक जा रहा है, वह आपकी सिंधु नदी को बदलना चाहता है। वह ब्रह्मपुत्र को बदलना चाहता है। सवाल यह है कि आप उस तरफ क्या कर रहे हैं। आप चीन को भाई-भाई बोल रहे हैं। आप बहुत पहले से भाई-भाई बोल रहे हैं। उसने आपके साथ क्या किया था और आज आप फिर भाई-भाई बोल रहे हैं। आप भाई-भाई बनाइए, लेकिन keep the powder dry. विदेशी नीति में हमेशा आपकी तैयारी ऐसी रहनी चाहिए कि यदि कोई भाई पीठ पीछे से कुछ मारना चाहे, तो आप उसे रोक सकें।

दक्षिण पूर्व एशिया में कुछ ऐसे देश हैं, जो चीन से घबराए हुए हैं। वे आपका साथ चाहते हैं। आपके पास यदि कुछ है भी, तो भी आप उसे देना नहीं चाहते हैं। वियतनाम और मलेशिया साथ आ गए हैं। थाईलैंड भी उसमें साथ आ सकता है। कम्पूचिया भी आपके साथ आ सकता है। आपकी संस्कृति सौहार्द की रही है। यह भारत के प्रभाव क्षेत्र के अंतर्गत काम करने वाले देश रहे हैं और आज भी आपके लिए बहुत अच्छी दृष्टि रखते हैं, लेकिन आप वियतनाम को भी अपने साथ नहीं रख रहे हैं। वह आपसे मिसाइल चाहता था, आपने उसे नहीं दीं। वह ब्रह्मोस चाहता था, वह आपने नहीं दिया। वियतनाम कभी चीन से नहीं डरा है। वह अमरीका से भी नहीं डरा था। वह आपका अच्छा मित्र है और आपकी तरफ आना चाहता है, लेकिन आप उसकी मदद नहीं कर रहे हैं। कुछ मिसाइल्स देने में आपको दिक्कत नहीं होनी चाहिए, लेकिन आप चीन से डर रहे हैं या अमरीका से डर रहे हैं। डर-डर कर विदेश नीति नहीं चलती है। जब आप डरते हैं, तभी गड़बड़ होती है।

जब आप सामरिक शक्ति बनाते हैं, तभी आप शक्तिशाली बन सकते हैं और दुनिया आपके साथ आएगी। 1974 में देश ने परमाणु बम का विस्फोट किया। देश के बारे में दुनिया के अंदर एक धारणा बनी। उस समय हमारे ऊपर प्रतिबंध लगे होंगे, लेकिन देश के अंदर आत्मविश्वास आया था और वैज्ञानिकों ने उसके बाद बहुत कुछ किया। 1998 में इस देश ने फिर एक प्रभा मंडल बनाया। दुनिया के तमाम देश आपके साथ आ रहे थे। आपकी शक्ति को वे आंक रहे थे कि भारत कितना आगे जा सकता है। परमाणु बम के विस्फोट ने देश की सामरिक शक्ति को एक नया आयाम दिया। वर्ष 2004 में हमने फिर से उसका

प्रदर्शन किया और नतीजा यह हुआ कि भारत की एक छवि बनी। भारत के बारे में लोगों की धारणाएं बनीं कि भारत के लोगों ने हिम्मत है। भारत डरता नहीं है। अमरीका के मना करने के बावजूद भी भारत ने परमाणु का विस्फोट किया है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपको कुछ नहीं कह रहे हैं, आप बैठ जाएं।

...(व्यवधान)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. NARAYANASAMY): The Minister wants to say something.

SHRI S.M. KRISHNA : Only if you yield, I can speak.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : Yes, I yield.

SHRI S.M. KRISHNA: The hon. Member did refer to two Centres of Information Technology founded by Government of India grants. One is the Rajiv Gandhi Centre on Vocational Training and the other centre is Atal Bihari Vajpayee Centre of Information Technology.

I am happy to convey to the hon. Member and to this august House that both these Centres are working extremely well. It is not true that they are not working any more. They are working to our satisfaction. … (*Interruptions*)

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : How much is the grant that has been given? They are working!. … (*Interruptions*)

SHRI S.M. KRISHNA: For Atal Bihari Vajpayee Centre, one million has already been given. … (*Interruptions*)

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : What about the other Centre? … (*Interruptions*) What is the grant given to the other Centre? … (*Interruptions*)

SHRI S.M. KRISHNA: Simply because I am not able to provide you the information … (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please sit down.

SHRI S.M. KRISHNA: I will provide all these details in the course of my reply. … (*Interruptions*)

DR. MURLI MANOHAR JOSHI : If the grants are restored, it is fine. If they are not restored, please restore them. If they need to be upgraded, please upgrade them. These are the things. मैं आपको बता रहा था कि चारों तरफ का परिवेश हमारे साथ तभी रहेगा जब आप शक्तिशाली होंगे। जब आपकी सामरिक तैयारियां होंगी। अगर ये तैयारियां नहीं होंगी, आपके अंदर आत्मविश्वास नहीं होगा तो दुनिया का कोई देश आपकी बात नहीं सुनेगा। आपका कोई मित्र बनने के लिए तैयार नहीं होगा। जब आप कोशिश करते हैं, शक्ति दिखाते हैं आत्मविश्वास दिखाते हैं लोग आपके साथ आते हैं। जब आप नहीं दिखाते, जब आपकी छवि बन जाती है कि आप किसी दूसरे देश के दबाव में काम कर रहे हैं कोई आपके पास नहीं आता है। मेरा यह बिंदु था कि भारत को विदेश नीति का संचालन करने के लिए अपनी सामरिक, परमाणु और आर्थिक क्षमता का विकास इस तरह से करना चाहिए कि आर्थिक क्षमता सामरिक क्षमता में परिवर्तित हो जाए, ट्रांसलेट हो जाए। मैं आपके सामने यह बात रखना चाहता हूं।

दूसरी बात यह है कि भारत को चीन का उद्देश्य समझकर नीतियां तय करनी होंगी। चीन आज अमेरिका से बात कर रहा है कि आप ईस्ट पेसिफिक ले लीजिए, वेस्ट पेसिफिक मुझे दे दीजिए और इसके साथ इंडियन ओशन दे दीजिए। अगर अमेरिका और चीन में समझौते हो जाते हैं तो सारा क्षेत्र चीन के कब्जे में आ जाता है। आज तक नौसेना और नेवल मूवमेंट की दृष्टि से यह चीन के एकाधिकार में नहीं था और अगर दोनों महाशक्तियों ने यह समझौता कर लिया तो हमारे लिए बहुत मुश्किल हो जाएगी। हमने तो छोटे द्वीपों को भी, जैसे संशाइल्स जो हमसे बात करना चाहते थे, वहां भी सरकार के बेसिस पर कुछ नहीं किया। उनके साथ भी हम ठीक संबंध नहीं रख पाए। मेरा कहने का मतलब है और इस मामले में फिर वही बात आती है कि नेवी ने अपनी तरफ से जो कुछ देना था, अपने बजट से या और सरकार ने डिफेंस मंत्रालय के लिए इस काम के लिए अलग से बजट नहीं दिया। मुझे नहीं पता कि विदेश मंत्रालय को इन बातों का पता है या नहीं कि हमारे समुद्री क्षेत्र में चीन क्या कर रहा है, अमेरिका क्या कर रहा है। हम इतनी बुरी तरह से घिरे हुए हैं, हम उसका प्रतिकार कैसे करें?

एक तरफ हमारी सीमाएं सिकुड़ रही हैं। कौटिल्य ने कहा था कि आपके प्रभा मंडल का विस्तार होना चाहिए जबकि आपका प्रभा मंडल और आपकी भूमि दोनों सिकुड़ रही हैं। आपने तिब्बत चीन को दे दिया। चीन आज उसके कारण से अरुणाचल पर अपना अधिकार चाहता है। वह कहता है कि यह तिब्बत का हिस्सा था और तवांग में दलाई लामा पैदा हुए थे इसलिए यह तिब्बत को मिलना चाहिए। आप क्यों नहीं उनके सामने कहते कि अरुणाचल तो मिलेगा ही नहीं और तिब्बत के बारे में होश की दवा कीजिए, हम उसका सवाल उठा सकते हैं। आप सवाल क्यों नहीं उठा सकते? अगर आज जरूरत है तो हम उठाएं और

चीन को उसी तरह से जवाब दें। लेकिन हम चीन के सामने डरे हुए हैं। हम क्यों डरते हैं? आपको हिम्मत के साथ कहना चाहिए कि यह तो होगा ही नहीं। लेकिन तिब्बत का मसला दोबारा उठाया जा सकता है। अंतर्राष्ट्रीय ताकतें आपकी मदद करेंगी अगर आप ये मसले उठाएंगे। देश आपकी मदद करेगा अगर आप ये मसले उठाएंगे। आपकी एक समय सीमा हिमालय के उत्तर में थी और आज सीमा हिमालय के दक्षिण में आ रही है। वह अरुणाचल पर अपना दावा जमा रहा है। नेपाल में उसने प्रभाव क्षेत्र बना लिया है।

आपकी सीमाएं जो हिमालय के उत्तर में थीं, आज हिमालय के दक्षिण में मैदान में आ गई हैं। यह राज्य का प्रभाव नहीं बढ़ रहा है। यूरोपीय देशों से आपके कितने और क्या संबंध हैं, आप वहां जाते रहते हैं, आते रहते हैं, वह एक अलग बात है। लेकिन उनसे आपको ज्यादा मदद मिलने वाली नहीं है। परंतु जो आपके निकटवर्ती देश हैं, आप उनके बारे में सोचिये। मध्य एशिया के बारे में आपकी क्या नीति है? वहां से भी आपके बहुत सारे संबंध हैं। मुझे पता नहीं कि क्रूड आयल आने की जो नीति है, जो वहां से आ रहा है, उसके बारे में विदेश मंत्रालय में कोई चर्चा होती है या नहीं होती है या खाली वह वाणिज्य और पैट्रोलियम मिनिस्टर के बीच में रह जाती है। संसाधन जहां-जहां से भी आते हैं, उन सबके साथ विदेश नीति का एक बहुत महत्वपूर्ण अंग जुड़ा हुआ है। मेरा आपसे निवेदन है कि विदेश मंत्रालय के संचालन के लिए इसका पुनर्गठन नये सिरे से कीजिए। आज छवि यह बन गई है कि आप अमरीका के आश्रित बन गये हैं, पिछलग्गू बन गये हैं। यह हमारे लिए बहुत खतरनाक है। अमरीका से दोस्ती रखिये। दुनिया के हर देश से दोस्ती रखना हमारे लिए अनुचित नहीं है, उचित है। हम हर एक को मित्र बनाना चाहते हैं। हमारा पुराना स्वभाव यही रहा है। लेकिन अमरीका का पिछलग्गू बन जाना उचित नहीं है। कई ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिनमें हमने अमरीकी दबाव के सामने समर्पण किया है। आखिर हमने हवाना में क्यों कहा कि पाकिस्तान भी उसी तरह से आतंकवाद का शिकार है, जैसे भारत है, यह किसके दबाव में कहा? हमने शर्म-अल-शेख में बलूचिस्तान का मामला क्यों जोड़ा, किसके दबाव में जोड़ा? इस तरह से वर्ष 2004 में सरकार ने जो एक स्थिति पैदा की थी, उसे आपने पलट दिया। आप पाकिस्तान से बातचीत करने के लिए तैयार हो गये। आप बार-बार यहां कहते रहे कि तब तक बात नहीं करेंगे, जब तक 26/11 का हिसाब नहीं मिल जायेगा, जब तक 26/11 के अपराधी लोगों पर आप कार्रवाई नहीं करेंगे, हम आपसे बात नहीं करेंगे। फिर आप बात करने के लिए क्यों तैयार हो गये? जब देश में और यहां उस पर आपत्ति हुई तो थोड़ा-थोड़ा हिलने-डुलने लगे कि नहीं ऐसे नहीं करेंगे, सैक्रेटेरिएट के लैवल पर करेंगे, उसके लैवल पर करेंगे। आप ऐसे क्यों बदलते हैं? एक बार यहां सदन में यह सर्वसम्मत प्रस्ताव पास किया हुआ है कि एक-एक इंच कश्मीर की भूमि हमारी है तो आप अब उसे छोड़ने के लिए क्यों तैयार होते हैं? आप नये-नये फार्मूले निकालने के लिए क्यों तैयार होते हैं?

यह देश इसलिए बहुत चिंतित है कि आपकी विदेश नीति का संचालन देश के हित में है या अमरीका के हित में हैं। Are we working for the interests of the United States or are we working for the interest of India?

इसीलिए मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आपने रूस की तरफ क्यों नहीं देखा, उसके साथ आजकल आपके कैसे संबंध हैं? मुझे बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि हमारे एक बड़े प्रतिष्ठित विश्लेषण करने वाले ने यह लिखा है -

> "Elsewhere in the near-abroad, Russia has been neglected as a potential counterweight both to the US and China. In fact, the PM's putting all of India's eggs in the US basket means that he hopes that the US will play the protector role that the USSR performed in an earlier era. Manmohan Singh-ji is reportedly pressuring the Indian Air Force to buy American F-16 or F-18 aircraft for its 126-plane strong medium range multi-role combat fleet. Besides enhancing the IAF's operational problems because of the diversity of aircraft and logistics support in its inventory, it is guaranteed to further estrange Russia. This is extreme foolishness because Washington gives every indication of reconciling its differences with China to create a condominium to manage world affairs. Whence the concept of G-2,that is, America and China, two Superpowers, to supplant every other combination. Indeed, Moscow is being played as a second fiddle when Russia's utility in containing Chinese expansionism is obvious. And in Central Asia, the initial advantage India has because of its venerated cultural and other links, have been frittered away. In any case, the Government has nothing to show by way of any success in this region."

अभी मुझे पता नहीं प्रधान मंत्री जी विदेश से दौरा करके आये हैं, वहां क्या उपलब्धि हुई। वहां हमने क्या चीजें बताई हैं, हमसे क्या कहा गया है? अफगानिस्तान में हमारा कोई रोल रहेगा या नहीं रहेगा, क्या हमें वहां से हटना पड़ेगा? ये सारी बातें हैं, जो हम जानना चाहेंगे।

अफगानिस्तान में भारत की भूमिका क्या होने वाली है, वह हमें वहां से हटा दें और हम यह कहें कि हां, बिल्कुल ठीक है, इन्हें तालिबान के हाथ में छोड़ दीजिए, क्या भूमिका होगी? हम वहां रहेंगे या नहीं रहेंगे, हम नहीं जानते कि प्रधानमंत्री जी वहां क्या कह कर आए हैं। हम समझते थे कि वे संसद को इसके बारे में अवगत कराएंगे कि वहां उन्होंने क्या कहा है। तेहरान के बारे में आपकी नीति क्या रही, कोई नहीं चाहता कि उसके पास परमाणु बम बने, लेकिन कोई यह भी नहीं चाहता कि तेहरान को आप इस तरह से दबा दें

कि वह किसी काम का न रहे। आपको उनसे गैस भी नहीं मिल रही, आपने ऐसी स्थिति पैदा कर दी। मेरा कहने का अर्थ यह है कि आप अपने देश के हितों को कितना पहचान लेंगे या केवल अमेरिका के इशारे पर अपनी नीतियां चलाएंगे, यह एक बहुत बड़ा सवाल है? मेरा कहने का अर्थ यह नहीं है कि हम अमेरिका से दुश्मनी कर लें और न मेरा अर्थ यह है कि हम रूस की गोद में जा बैठें, हम जबरदस्ती चीन से भीड़ जाएं। मेरा निवेदन आपसे यह है कि चीन और पाकिस्तान की गतिविधियों को देखते हुए हमारी विदेश नीति की दिशा क्या होनी चाहिए, मित्र संचय करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, रूस से दोस्ती करनी चाहिए या नहीं करनी चाहिए? अमेरिका से दोस्ती के आयाम क्या होने चाहिए, इसका अर्थ यह नहीं है कि अमेरिका या रूस, मैं यह नहीं कह रहा हूं। हमारे हित जहां तक हैं, जहां तक हमारे अपने हित हैं, उसके हिसाब से हमें ये सारा संचालन करना चाहिए। यह जो न्यूक्लियर लायबिल्टी बिल है, इसके बारे में मुझे बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ता है, मेरे सामने वह बयान है, जो अमेरिका के एक आफिसर ने दिया था, वह बड़ा विचित्र बयान है। वे यह कहते हैं कि हमारी बात हो गई है और हिन्दुस्तान की सरकार बहुत जल्दी ही एक कानून पास करने वाली है, जिससे अमेरिकन कम्पनीस को सुरक्षा मिलेगी, कैपकम होगा और वे वहां जाकर इनवेस्ट कर सकेंगे, यह उनका बयान है। अभी पिछले दिनों मार्च के महीने में बयान दिया था। उसके बाद हम यहां संसद में वह बिल पेश करें, तो उसमें बिल्कुल यही धारणा निकलती है कि यह बिल अमेरिकन कम्पनी की सहायता के लिए है। ऐसा क्यों हो रहा है, इन घटनाओं से ये छवि हमारी क्यों बनती जा रही है? ये विचारणीय बात है कि विदेश नीति में अगर भारत एक आश्रित राज्य बन गया तो कोई हमारी बात नहीं सुनेगा। सांस्कृतिक दृष्टि से मैं आपके बजट में देख रहा था कि राजभाषा के प्रचार के लिए भी मिशंस काम करते हैं। मुझे कहते हुए बहुत अफसोस है कि जिस दिन हमारे प्रधान मंत्री जी ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज में गए थे, उसी दिन क्या हुआ था, संस्कृत की जो चेयर थी, वह समाप्त हो गई थी।

"This culturally disastrous decision of Cambridge University was announced within hours of Cambridge honouring our Prime Minister Manmohan Singh with a doctor of law degree, in what some scholars believe to be the most cynical form of 'tactless academic marketing.'

प्रधान मंत्री जी को डिग्री दी और संस्कृत की चेयर समाप्त कर दी। मैं आपसे जानना चाहूंगा कि आपने कभी चिन्ता की? मैं आपसे पूछना चाहूंगा कि दुनिया में जितनी संस्कृत की चेयर्स थीं, वे आज हैं या नहीं? हम उनके लिए क्या कर रहे हैं? हिन्दी कितनी जगह पढ़ाई जा रही है? विदेश मंत्री जी, मैं आपसे बहुत विनम्रता से कह रहा हूं कि आज संस्कृत और हिन्दी का स्थान चाइनीज़, परशियन और अरेबिक ने ले

लिया है। आपकी चेयर्स, आपके छात्र घट रहे हैं, क्यों, क्योंकि उन्हें लगता है कि भारत के पास कुछ देने के लिए नहीं है, क्योंकि आप उसके लिए प्रयत्न नहीं करते हैं। विदेशों में लोग तमिल भाषा का बहुत अध्ययन करते थे, तमिल और संस्कृत, ये भारत की दो भाषाएं थीं, जिनका जबरदस्त अध्ययन होता था। आज कितनी जगह इनका अध्ययन हो रहा है? जो लोग हिन्दुस्तान को समझना चाहते हैं, वे जानते थे। मेरे पास वह लेख है, जो विदेशों में इस बारे में लिखे गए हैं कि संस्कृत और तमिल का क्या महत्व है, आज हिन्दी का महत्व नहीं है, क्यों? विदेश मंत्रालय इस मामले में क्या कर रहा है? मैं जानना चाहूंगा कि आपके विदेशी मिशन हिन्दी के प्रचार के लिए और जहां-जहां हिन्दी की चेयर्स हो सकती हैं, वहां उन्हें स्थापित करने के लिए क्या प्रयत्न करते हैं? सांस्कृतिक दृष्टि से भारत की पहचान बनाने के लिए, एक स्वाधीन भारत की पहचान बनाने के लिए हम क्या कर रहे हैं? चीन खोल रहा है, चीन नेपाल में भी चाइनीज़ सेंटर खोल रहा है। चीन अरुणाचल के बार्डर पर चाइनीज़ एजुकेशन के सेंटर खोल रहा है।

आप क्या कर रहे हैं? हमारे ऊपर चीन सांस्कृतिक आक्रमण कर रहा है। हम उसकी तरफ से लापरवाह हैं। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि विदेश नीति का पूरे तौर पर आप पुनर्मूल्यांकन कीजिए। सबको बुलाकर राय लीजिए। विदेश नीति में बहुत गहरे मतभेद होने ठीक नहीं हैं। हम नहीं चाहते कि किसी भी प्रकार से देश की विदेश नीति ऐसी बने, जिस पर आम सहमति न हो। थोड़े-बहुत अन्तर हो सकते हैं, लेकिन मुख्य बातों पर एकमत होना चाहिए। भारत की छवि बने, भारत की प्रतिमा बने, भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभर कर आए और भारत, भारत के रूप में निकलकर सामने आए। भारत, सिर्फ एक भूगोल मात्र नहीं है, भारत सिर्फ आर्थिक दृष्टि से एक बाजार नहीं है, भारत एक विचार है। The idea that is India. वह आइडिया सारे देश और विश्व के सामने होना चाहिए। उस आइडिया को हम सारे विश्व के अंदर लोगों तक पहुंचा सकें कि What is the meaning of India? यह भारत क्यों है। वह कौन सी बात है कि 'मिटती नहीं हस्ती हमारी' वह बात हमें दुनिया के अंदर पहुंचानी है। यह विदेश नीति का बहुत महत्वपूर्ण कार्य होना चाहिए। मुझे अफसोस है कि ये कार्य विदेश मंत्रालय के द्वारा नहीं हो रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया।

SHRI DEEPENDER SINGH HOODA (ROHTAK): Mr. Deputy-Speaker Sir, I stand here to support the Demands for Grants of the Ministry of External Affairs. As I was listening to hon. Member Dr. Murli Manohar Joshiji, one thing that came across time and again was his proposition that India's foreign policy today is, in his own words, *dishaheen* and *lakshyaheen,* that is, without goal and without direction. Nothing could be farther from truth.

Let me start by quoting our first Prime Minister Jawaharlal Nehruji in a speech that he made in this very Parliament at the stroke of midnight, his famous 'Tryst with Destiny' speech. In the middle of the speech Nehruji took a pause and then said: "It is a fateful moment for us, for all Asia and the world. A new star rises, the star of freedom in the east." Nehruji had then, in 1947, anticipated the impact of the rise of India on the world.

Our Prime Minister Dr. Manmohan Singhji in his response to the Motion of Thanks to the President's Address had quoted Victor Hugo by saying 'no power on earth can stop an idea whose time has come'. Well, I believe the time for the rise of India has come, has arrived. We can see the rising global stature of India in the rightful place that India is getting in various global fora, ranging from G-20, where it is helping transform G-20 into a premier international organization in the post financial crisis world to the leadership that India has shown in the South-South cooperation in organizations such as BRIC.

We can see the rising India in the success of Indo-US nuclear deal in which without signing the NPT India was able to break through the apartheid and setting stage for a new global nuclear order. We can see India rising in the spectacular success that it has achieved in isolation of Pakistan in the aftermath of Mumbai attacks. And I will dwell much more on that attack later. We can see the global stature of India rising. Now our opposition benches can choose to blind themselves from this success, from India's rising stature. They can choose to completely ignore it. But I would urge them to take some pride in it.

Sir, I congratulate our hon. Prime Minister Dr. Manmohan Singh, the UPA Government and our hon. Minister of External Affairs for the success that India has had in this regard. This, I choose to be my main theme of my intervention today – the rising stature of India on the global stage – in response to Dr. Murli Manohar Joshiji.

Let me start by elaborating a little bit on the aftermath of Mumbai attack. The kind of consensus that we were able to build against terrorism or the terror attacks targeting India in the aftermath of Mumbai attack was unprecedented. The leaders from great nations of the world, from the United States to the United Kingdom, toppled over each other to express consolidation with India, expressed concern over the attacks and they even went further; they urged Pakistan to take action against the terror mechanism operating on its soil. This is a pointer towards rising global stature of India.

The reason why I say that is – we can contrast this reaction of the global leaders with the reaction in the aftermath of the attack on Parliament. What happened when Parliament was attacked? Immediately after the Parliament was attacked, we saw a period of rising tensions which led to American intervention. The then US President Bill Clinton said that India and Pakistan represent the most dangerous neighbourhood in the world. Compare this with the reaction that we were able to achieve. The reaction that we were able to achieve was not through jingoism or empty rhetoric. It was through hard work, behind-the-scene diplomacy and a clear-headed foreign policy approach.

I believe there has been a significant shift, a paradigm shift in the way we see us with respect to the world since UPA has come into being. I am not questioning the concern that the Opposition has. They are as deeply hurt in their hearts when the attacks on Mumbai occurred as we are. Similarly we were as concerned when the Parliament was attacked, as they were. But the difference lies in approach.

When I was listening to Dr. Murli Manohar Joshiji, a point which came across again and again is this. His whole argument was based on fear of our neighbours. कभी वह कह रहे थे कि चाइना हमें यहां घेर रहा है, वहां घेर रहा है। कभी वह कह रहे थे कि पाकिस्तान के पास आज हमसे ज्यादा आक्रमण करने की शक्ति है। उन्होंने आज यह भी कहा। ...(व्यवधान) पाकिस्तान के बारे भी कहा और चाइना के बारे में तो उन्होंने बहुत बार कहा। His entire argument was based on apprehension of our neighbours, fear of our neighbours. I think our approach is based on confidence in us and that is the difference.

That is the reason why when Parliament was attacked we did not see a single nation come in our favour. We did not see the spectacular isolation of Pakistan that we see in the aftermath of Mumbai attacks. We have to start behaving like a serious and responsible global power which we have achieved in the last five or six years. We can see that - the sense of the degree of responsibility in the knee-jerk reaction after the Parliament was attacked. No responsible nation will be talking to its neighbour while the neighbour is readying to attack itself as we saw in the NDA regime. I think there has been a fundamental shift here.

Again, coming back to the central thing, the rising global stature of India, which I am hoping that by the end of my intervention, some of the Opposition Members will acknowledge and appreciate and take pride in, rather than just ignore, take the Indo-US Nuclear Deal. That also represented the rising global stature of India. Leaving decades of mistrust behind when in July, 2005 the Nuclear Agreement was signed between India and the United States, it laid the foundation for great relationship between two great nations, two great economies, two great peoples for the 21st century.

What did that Nuclear Deal and 123 Agreement represent? It did not represent for us only an opportunity to diversify our energy mix domestically, but it also exhibited to the world the emerging power that we are. We were able to penetrate through the seemingly impregnable NPT. We were able to carve out an exception for use in the global nuclear regime. We were able, through deft

diplomacy and clear-headed vision, garner IAEA with us and end the nuclear apartheid, which is the term Shri Jaswant Singh uses again and again. We were able to end that and lay foundation for a new nuclear order. This is something I will talk about when I talk about the Prime Minister's visit again.

While that was a great success and I think, it represented the rising stature of India globally, as far as Indo-US relationships are concerned, I have a couple of observations that I would like to make. With the conclusion of the Nuclear Deal and coming of the new administration, the Obama Administration, in the US, there were concerns whether we would lose steam and momentum. As far as Indo-US relationships are concerned, I think, we need to be careful on that count. There is a big opportunity for us to deepen our relationship and make it much more multi-faceted while there is no doubt that economics and business are going to drive this relationship and they will always provide the backbone. There is a huge opportunity in the field of agriculture, infrastructure and education and we need to take this relationship to the next level. This, in my opinion, is a very interesting opportunity in front of our Foreign Office as we go forward.

Again, America is showing an extraordinary interest in the Afghanistan-Pakistan situation today. I think, we should seek to use this extraordinary interest that they have there, in securing more pro-active Washington intervention and more pro-active pressure from Washington on Islamabad to bring about long-term structural changes inside Pakistan, when it comes to dealing with terror mechanism there. I congratulate hon. Prime Minister on bringing out a very important issue in his recent visit to the US, which was very widely reported in the Press, the fact that he brought up the concern over end use of military and monetary aid of America and that a large proportion of this aid ends up getting used against us. The fact that he was able to bring it up with President Obama, I think, is worthy of appreciation.

The third theme that I want to touch on today, again related to the central them of the rising stature of India on the global stage, is how the scope and

ambition of our Foreign Policy has shaped up over the last few years, be it the aftermath of global economic crisis and how India played the leadership role in transformation of G-20 into one of the premier organisations as far as the economic affairs in the world are concerned in the aftermath of the crisis. From there, be it the South-South Cooperation, it also exhibits this, with formulation of the BRIC. The Prime Minister is just coming back from Brazil. Dr. Murli Manohar Joshi was just saying that we have completely forgotten Russia. What better example can there be than that the first conference of BRIC was held in Russia. India was the first country to go there and our Prime Minister had a very successful visit there. From there, we have to look at India's engagement in the East – Look East Policy. Dr. Murli Manohar Joshi talked about China and all that. I think, we need to strengthen our Look East Policy. Be it our association with ASEAN or the East Asian Summit, we need to deepen our ties with East Asian countries which, I think, will help us in dealing with China and in actually gaining a better relationship out of China.

15.00 hrs.

Similarly, there is deeper engagement with Africa. This is a very appropriate example of the scope and ambition of our foreign policy. I was researching on what NDA's policy was towards Africa. I am sure there was some and I am sure that some of the Members will enlighten us with the policy that they had towards Africa later on. But I could not find any.

The first Indo-Africa Summit, which was held in 2008 in New Delhi signifies something very significant. The deeper engagement with Africa and the acceleration of our relationship with Africa, as we go forward, I think, is a very interesting opportunity for our External Affairs office as we go on. … (*Interruptions*)

श्री निशिकांत दुबे (गोड्डा): नेल्सन मंडेला कब आये थे? ...(व्यवधान)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (रोहतक): जब आपको बोलने का मौका मिले, तब आप जरूर बताइये। मगर बहुत रिसर्च की, लेकिन आपकी अफ्रीका के प्रति कोई पालिसी ही नहीं मिली।

Coming back to our neighbour, namely, South-East Asia, I believe that this immediate neighbourhood presents an interesting opportunity. I think that we need to change the way we have been dealing with our immediate neighbourhood with our new found confidence and the rising global stature. Let me explain as to what I mean by this. I think that the key principle in dealing with our immediate neighbourhood -- be it Nepal, Bhutan, Bangladesh, Sri Lanka -- has to be much more focussed on economy. I was looking at some numbers. The intra-regional trade in South-Asia, the Indian Sub-continent, as a percentage of the regional trade stands at 5 per cent making this the least economically integrated region in the world. The time has come for us to break the shackles and look towards furthering economic ties with our small neighbours.

We have taken a lot of welcome steps in that direction be it extension of credit lines of $ 1 billion to Bangladesh; Bangladesh opening up the Chittagong Port, which Mr. Joshi said that Bangladesh is giving Chittagong Port to China -- I do not know where he is getting his statistics from; or be it opening up of US $ 425 million line of credit to Sri Lanka to build infrastructure around Jaffna in North Sri Lanka. I think that we have taken right steps towards economic integration and deepening of economic ties, but much more needs to be done.

On the one hand we see that there is no economic integration in this region, and on the other hand we see that this region faces common humanitarian problems, and as some would say that this region has a common soul and we need to move towards deepening of economic ties and use it as a principle in our immediate neighbourhood. I think that while SAARC provides a framework to politically and culturally build our ties, but as far as economic relations are concerned, we need to focus much more on bilateralism and one-to-one discussions.

As far as China is concerned, China represents a challenge as well as an opportunity. Both the countries are one of the oldest civilizations; greatest cultures; most populous nations; and by 2030, we would represent the second and third largest economies. Therefore, we cannot afford to be at loggerhead with China. We need to build sustainable relationship with China, and our Government has been achieving sporadic success as far as this is concerned. We saw cooperation with China as far as G-20 is concerned; we saw cooperation with China in the Copenhagen Summit; and the recent visit of our External Affairs Minister led to establishment of direct communication line between our topmost leadership. Further, it is not that we do not have our share of problems that we need to solve and overcome while we move ahead with our relationship with China. But I must say and point out that sustainable relationship with China can only be achieved through our approach, which is an approach of confidence in us and not an approach, which fears China.

What Dr. Murli Manohar Joshi was repeatedly pointing out चीन हमें घेर रहा है and what Shri Yashwant Sinha said about the Copenhagen Summit … (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not disturb him.

SHRI DEEPENDER SINGH HOODA : On the Copenhagen Summit, Shri Yashwant Sinha said that the reason why India and China cooperated there was because China needed us more than we needed China. I think there is a deep-rooted suspicion, even apprehension, even fear of China, in some of these thoughts. Mr. Deputy-Speaker, Sir, I have to say that we do not fear China, we do not need to fear China. We have confidence in us. That is the basis on which we achieved sustainable relationship with the United States, and that is the principle on which we should look to build sustainable relationship with China, and on no other principle.

Finally, let me congratulate our Prime Minister on the success of the recent trip to the United States, on his remarks at the Nuclear Security Summit in which he reiterated India's stand, India's vision – a vision that was laid by late Rajiv

Gandhi Ji in 1988 of reduction in nuclear armament, when in 1988 he put forth a concrete action plan of complete nuclear disarmament, but on a non-discriminatory framework. I congratulate our Prime Minister for reiterating that vision at the Summit and also for showing leadership in offering to set up Global Centre for Nuclear Energy Partnership in India. I think it is a great leadership that Prime Minister showed in offering to set up such a Global Centre for Nuclear Energy Partnership in our country. I urge the Prime Minister to name the Global Centre for Nuclear Energy Partnership as Rajiv Gandhi Global Centre for Nuclear Energy Partnership since it was Rajiv Gandhi Ji who had actually shared with the world his vision of nuclear disarmament. चूंकि हम लोग लोक सभा के सदस्य हैं, आखिर में मैं प्रधानमंत्री जी से यह भी कहना चाहूंगा कि ग्लोबल सेंटर फार न्युक्लियर एनर्जी पार्टनरशिप अगर इंडिया में बने तो वह रोहतक में, मेरी कांस्टीट्वेंसी में बने।

श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी): उपाध्यक्ष महोदय, विदेश नीति का मतलब है कि किसी देश के ज्यादा से ज्यादा मित्र देश हों और कम से कम विरोधी देश हों। ऐसी विदेश नीति ही सफल विदेश नीति मानी जाती है। अभी हमारे नौजवान साथी ने बहुत अच्छा बोला है, खुशी है कि उनमें उत्साह है, लेकिन विदेश मंत्री जी हमें यह बता दीजिए कि दुनिया में कौन सा देश आपका मित्र है? मैं यही जानना चाहता हूं। संबंध होना अलग बात है, लेकिन आज हिंदुस्तान का कोई मित्र देश नहीं है।...(व्यवधान)

श्री वी.नारायणसामी : सभी हमारे मित्र हैं।

श्री मुलायम सिंह यादव : नारायणसामी जी, खड़े होकर बता दीजिए कि फलां देश हमारा मित्र है। संबंध अच्छे हो सकते हैं, आर्थिक संबंध हो सकते हैं, संचार आदि संबंध हो सकते हैं, लेकिन मित्र कौन है, बता दीजिए। जब कोई देश आपका मित्र नहीं है, तो विदेश नीति कैसे सफल है? मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि देश वही सफल होता है विदेश नीति में जिसके ज्यादा से ज्यादा मित्र हों और बहुत कम विरोधी हों। कुल मिलाकर इस पर चलने की कोशिश कीजिए। चिदंबरम साहब आप कोशिश कीजिए, आप भी कोशिश कीजिए। आज जहां तक चीन का सवाल है, क्या आप यह समझते हैं कि चीन कभी आपका मित्र हो सकता है।

मैं यह बात रिकार्ड पर लाकर कहना चाहता हूं कि चीन हिन्दुस्तान का मित्र न कभी रहा है और न कभी रहेगा। मैं वह दिन जानता हूं, जब हम बच्चे थे। उस समय चाऊ एन लाई यहां आए थे और उन्होंने हिन्दी-चीनी भाई-भाई का नारा दिया था। हम सब बच्चों से स्कूल्स में यह नारा लगवाया जाता था कि हिन्दी-चीनी भाई-भाई। आपने भी उस समय यह नारा लगाया होगा। उसके बाद चाऊ एन लाई तो यहां से चले गए और वहां जाकर उन्होंने हिन्दुस्तान की स्थिति का आकलन किया और पूरी तैयारी करके सन् 1962 में हिन्दुस्तान पर हमला किया। क्या आप उस वक्त जो एक लाख वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र चीन ने हमसे कब्जा लिया था, वापस लेने का दावा कर पाए हैं या उसे वापस लेने की हिम्मत या क्षमता रखते हैं? मैं मानता हूं कि तब से लेकर अब तक हिन्दुस्तान में काफी बदलाव आया है और वह पहले से अधिक शक्तिशाली हुआ है। सन् 1947 और आज की तुलना करें तो स्थिति में काफी फर्क है। लेकिन आप यह भी देखें कि जापान जो सन् 1943 में एक प्रकार से बर्बाद हो गया था, तब की तुलना में आज कहां है और चीन भी तब की तुलना में आज कहां है। आज हम इन देशों के मुकाबले में लोहे, कोयला और सीमेंट के मामले में कहां है। जिस अनुपात में जापान आगे बढ़ा है, उसके मुकाबले हम कुछ भी आगे नहीं बढ़े हैं। इससे पता चलता है कि आपकी विदेश नीति कहां है।

आपकी विदेश नीति इससे पता चलती है कि आप अमेरिका जाते हैं तो उसकी तारीफ करते हैं, चीन जाते हैं तो उसकी तारीफ करते हैं और रूस जाते हैं तो उसकी तारीफ करते हैं। यह तो वही बात हुई कि गंगा गए तो गंगादास और यमुना गए तो यमुनादास। इसलिए मैं चेतावनी देना चाहता हूं कि यह कोई मामूली बात नहीं है। मैं चीन की बात फिर दोहराना चाहता हूं कि चीन का निशाना हिन्दुस्तान है और उसके बाद अमेरिका है। यह उसकी दूर-दृष्ठि है। उसका निशाना अमेरिका भी है, लेकिन बीच में कहीं हिन्दुस्तान अवरोध न बन जाए इसलिए सबसे पहले वह हिन्दुस्तान को अपने कब्जे में लेना चाहता है, और दबाव में रखना चाहता है। ऐसा उसने किया भी है। वह हमारी एक लाख वर्ग किलोमीटर की भूमि पर अभी तक कब्जा किए हुए है। हम उसे वापस लेने की आज तक हिम्मत नहीं कर पाए हैं। हमारे प्रधान मंत्री जी जब कोई अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आदि होता है तो चीन के शासनाध्यक्ष से हाथ मिलाते हैं।

मैं जब छात्र था, यह सन् 1962 के करीब की बात है, तब से हमारे दिमाग में यह भरा हुआ है कि चीन के हमले के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को झटका लगा था। उन्होंने चीन पर काफी विश्वास किया था और जब चीन ने भारत के साथ विश्वासघात किया तो उन्हें झटका लगा, परिणामस्वरूप उनका स्वास्थ्य खराब रहने लगा था। मैं इस पर ज्यादा नहीं कहना चाहूंगा। लेकिन मैं एक बात कहना चाहूंगा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने एक अच्छा काम किया था कि हिन्दुस्तान को तृतीय दुनिया का अगुवा बनाया था, नेतृत्व किया था। आप बताएं के आप कितने देशों का नेतृत्व कर रहे हैं? नेहरू जी के जमाने में कितने ही देश हमारे मित्र बने थे। लेकिन चीन को यह खटका कि भारत आगे बढ़ रहा है इसलिए नेहरू जी की छवि खराब करने के लिए उसने हमारे देश पर हमला किया। हमारे सैनिकों के पास हथियार नहीं थे, कारतूस नहीं थे। इस कारण उसने हमारे देश के काफी बड़े भूभाग पर कब्जा कर लिया और लड़ाई जीत ली। उस हमले में हम बुरी तरह से हारे और पिटे।

मैं यह फिर कहना चाहता हूं कि चीन आपसे दोस्ती कभी नहीं कर सकता। हमारे प्रधान मंत्री जी आजकल विदेशों के काफी दौरे कर रहे हैं। वह ऐसे प्रधान मंत्री हैं कि दौरे ही दौरे हो रहे हैं, देश में कम ही दिखाई देते हैं। अगर कोई मीटिंग करनी होती है तो किसी मंत्री को अपनी जगह भेज देते हैं। सत्र चल रहा होता है, तब भी बाहर होते हैं या फिर तारीख बदल देते हैं। वह अपनी सुविधा के अनुसार काम करते हैं। आज सदन में इतने महत्वपूर्ण विषय पर बहस हो रही है, क्या प्रधान मंत्री जी का उसमें होना आवश्यक नहीं था?

निर्णय प्रधानमंत्री को लेना है। विदेश मंत्री को निर्णय नहीं लेना है। अगर किसी देश से बात करनी होती है, तो ऐसा नहीं है कि पहले कैबिनेट से बात करके जाते हैं। वहां प्रधानमंत्री अपने विवेक से फैसला लेता है कि किसी देश के साथ कैसे संबंध बनाने हैं। यह बात सही है कि आज हिंदुस्तान कमजोर नहीं है। हिंदुस्तान की न तो सेना कमजोर है और न ही किसान कमजोर है। हमें किसान और जवान दोनों मजबूत चाहिए। श्री लाल बहादुर शास्त्री ने " जय जवान जय किसान " का नारा ऐसे ही नहीं दे दिया था। उन्होंने बहुत सोच समझ कर यह नारा दिया था। इस नारे के पीछे कारण था कि खेती को आगे बढ़ाएंगे और जवानों को मजबूत करेंगे। वे देश की रक्षा करेंगे। देश को सम्पन्न और शक्तिशाली बनाने के लिए यह नारा दिया था। लाल बहादुर शास्त्री जी ने ऐसा करके भी दिखा दिया। यह अलग बात है कि उनका निधन किन परिस्थितियों में हुआ। हम यह मानते हैं कि एक ऐसा प्रधानमंत्री हुआ, जिसने देश के सम्मान को बढ़ा दिया। उस वक्त देश का सम्मान ऊंचा हो गया था।

नेपाल के बारे में कहा गया है और यह बात सही भी है कि पड़ोसी देश के साथ अच्छे संबंध रहने चाहिए। हम लोग गांवों में या शहरों में रहते हैं, जहां हमारे पड़ोसियों से अच्छे संबंध रखना जरूरी होता है। यदि अगर बगल के घर से दुश्मनी हो जाए, तो चिंता रहती है, तनाव रहता है। नेपाल हमारे देश की सीमा से जुड़ा हुआ है, भारतीय संस्कृति से जुड़ा हुआ है। क्या नेपाल आज हमारे साथ है? मैं नेपाल गया था। वहां चार-पांच दिन रहा। नेपाल की सरकार, वहां की जनता पूरी तरह से हिंदुस्तान के साथ रहना चाहती है, लेकिन हिंदुस्तान की तरफ से सहायता की जा रही है, आटा भी देंगे, अनाज भी देंगे, लेकिन उस पर कब्जा करने चीन जा रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि नेपाल चीन के हाथों में जा रहा है। नेपाल की सरकार और नेपाल की जनता बहुत परेशान है। नेपाल के राष्ट्रपति श्री राम बरन यादव हमारे यहां आए थे। आप बताएं कि हिंदुस्तान का कौन सा महत्वपूर्ण नेता उनसे मिला। मैं उनसे मिलने गया था। उनको अंदर से वेदना थी कि वे कुछ बातचीत करते और हमें अपने यहां की स्थिति के बारे में बताते कि उनके यहां सीमा पर क्या स्थिति है। वे हिंदुस्तान के हैं। नेपाल में तीन पीढ़ी से रह रहे हैं। बिहार में उनके पूर्वज रहते थे। उनको चिंता है और वे देख रहे हैं कि चीन उनके आस-पास क्या कर रहा है तथा क्या गतिविधियां चला रहा है। विदेश मंत्री जी और गृह मंत्री जी मैं आपके ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि अराजकता और अस्थिरता पैदा करने के लिए पाकिस्तान किस तरह से हथियार चीन के माध्यम से नेपाल होते हुए भारत में भेज रहा है। आतंकवादी, नक्सलवादी को हथियार उपलब्ध करा रहा है कि हिंदुस्तान में अस्थिरता पैदा हो। क्या विदेश मंत्री और गृह मंत्री जी को इसकी खबर है? हमें खबर है।

हम इस सदन में सही खबर दे रहे हैं। आप क्या कर रहे हैं? नेपाल के लोग कह रहे हैं कि एम्बेसेडर बैठा है। आप नेपाल से पूछिए, गृह मंत्री जी, विदेश मंत्री जी बुलाइए, नेपाल के राजदूत बैठे हैं उनसे पूछिए कि क्या आपको मालूम है कि किस तरह से हथियार पाकिस्तान नेपाल होकर ले जा रहे हैं? क्या यह आपकी जानकारी में है? क्या नेपाल के लोगों ने मिलकर, प्रतिनिधि मंडल ने उसकी सूचना दी है? आप हिन्दुस्तान में जवाब दें तो हिन्दुस्तान में नेपाल के राजदूत रहते हैं, उन्होंने आपको खबर दी थी, यह भी बताएं। अगर खबर नहीं दी है तो तत्काल बर्खास्त करो। अगर हमारी सूचना पक्की न हो तो बताएं। राजदूत को पता है और राजदूत ने कोई खबर नहीं दी, यह मेरी अब तक की जानकारी है। 15 दिन पहले तक की जानकारी है। मैं नेपाल गया था, बकायदा पूरे नेपाल की संस्कृति, स्वभाव, रिश्तेदारियां और वैवाहिक संबंध अब तक हिन्दुस्तान के साथ चल रहे हैं। उन्होंने सूचना दी कि यह हो रहा है और आपके राजदूत को हमने बता भी दिया है। यहां के राजदूत ने हिन्दुस्तान की सरकार को बताया या नहीं बताया? मैं वहां क्यों बैठा? मैं कह रहा हूं कि आज ही जानकारी लीजिए, अगर सूचना नहीं दी तो रातों रात दूसरे एम्बेसेडर को भेजिए और उन्हें हटाइए। अगर सूचना दी है तो आपने क्या किया, आपको सदन को बताना चाहिए। राजदूत ही यह काम कर रहा है। जब आप जवाब दें तो बताएं। नेपाल आपका करीबी है। हिन्दुस्तान के साथ शादी, विवाह भी हो रहे हैं, नेपाल चीन का साथ दे रहा है। हम दल का नाम नहीं लेंगे, वहां थोड़े दिन के लिए सरकार चीन के हाथ में थी। नेपाल के राष्ट्रपति बचा ले गए। वहीं करीब किनारे पर उनका रहना-सहना चीन की जमीन पर रहता है और बातचीत नेपाल से करते हैं। ये नेपाल में हो रहा है। राष्ट्रपति बन कर आए इसलिए राष्ट्रपति हम लोगों के हो गए। वे परेशान हैं, दुखी हैं, उन्होंने हमें बताया कि यहां हमें कोई मिलने नहीं आया। कोई ऐसा नहीं आया, जिसे मैं बताने आया था, और कोई नहीं था। हिन्दुस्तान में कम से कम इस बहाने से हम सारी सूचना देते कि क्या हो रहा है। न विदेश मंत्री मिले, राष्ट्रपति जी ने खाना जरूर खिला दिया। राष्ट्रपति जी को मिलकर बात करनी चाहिए थी हम कैसे कहें कि हमसे बात कीजिए, यही मौका है। अगर कोई अकेले में मिलने गया हो तो सब बता देते। हम अकेले में मिलने गए तो सब बता दिया, मैंने कहा कोई आया, कहते हैं नहीं आया। कोई मिलने नहीं आया। न वहां के गृह मंत्री आए, न विदेश मंत्री आए। किसी ने मिलने की कोशिश ही नहीं की। हो सकता है मानिसकता के आधार पर न मिले हों। आप बुरा मत मानिए।...(व्यवधान) चलिए वह जानें कि कैसे किया था।...(व्यवधान) हां मिलने गए होंगे, लेकिन मुझे पता नहीं। जब तक हम गए तब तक नेपाल के राष्ट्रपति जी से कोई मिलने नहीं गया था।

15.24 hrs.

(Shri Inder Singh Namdhari in the Chair)

पहली बार हम मिलने गए तो उन्होंने कहा कि आप पहले हैं जो मिलने आए हैं। अब आप सोचिए, खाना खिला दिया, यह अलग बात है। क्या यह मिलना माना जाएगा? क्या यह माना जाएगा कि राष्ट्रपति जी का भोज हुआ है तो सब मिल गए। भोज की बात नहीं है, अलग से मिलने नहीं गए। बातचीत नहीं हुई, वे अलग से कहीं बैठकर बातचीत करना चाहते थे। उन्हें खाने का कोई शौक नहीं था, वे आपको सारी बातें बताने के लिए आए थे। उन्होंने कहा कि हमसे कोई पूछने नहीं आया कि बगल में क्या हो रहा है।

सभापति महोदय : आपकी बातों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

श्री मुलायम सिंह यादव : इसीलिए मैंने नहीं टोका। मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि पाकिस्तान नेपाल और बंगाल से होते हुए हिंदुस्तान में हथियार भेजे जा रहे हैं। ...(व्यवधान) जब नेपाल उत्तर प्रदेश से मिला हुआ है, फिर बिहार की क्या बात है। आप बिहार की बात बाद में कहिये, जबकि नेपाल उत्तर प्रदेश से पहले से ही मिला हुआ है। यह हालत आज विदेश नीति की है। विदेश नीति की आज कोई जानकारी ही नहीं है। कभी हम लोगों को भी बुला लिया करें। हम इसलिए ये बातें कह रहे हैं, चूंकि विदेश नीति के बारे में हम याद करते हैं कि विदेश सेवा में जब लड़के काम करते थे, तब विदेश नीति के बारे में डा.लोहिया उन्हें किस तरह से समझाते थे। लेकिन इस विदेश नीति के चलते किस तरह से देश में गम्भीर परिणाम होंगे, यह मुझे पता ही नहीं था। लेकिन अब दर्पण की तरह लगता है कि जो वह बोल रहे थे, वही सही हो रहा है। यह आपकी विदेश नीति है।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि अब भी सावधान हो जाइये। यह देश का बहुत गम्भीर सवाल है। इसलिए पूरा सदन इस मामले में आपके साथ है। हमारा देश किसी भी तरह से खतरे में न पड़े। चीन धीरे-धीरे इंच-इंच आगे बढ़ रहा है। क्या आपने पता लगाया कि हिंदुस्तान की इंच-इंच जमीन पर रोजाना चीन कब्जा कर रहा है। कुछ समाचार पत्रों के माध्यम से और कुछ अन्य जरिये से यह सूचना आ चुकी है। लेकिन हिंदुस्तान की सरकार के द्वारा अभी तक कोई भी प्रतिक्रिया नहीं की गई है। हम फिर दोहराना चाहते हैं, यहां दोनों जिम्मेदार मंत्री बैठे हैं। होम मिनिस्टर साहब और विदेश मंत्री दोनों बहुत जिम्मेदार मंत्री हैं। इनके ऊपर गृह का और बाहर का बहुत भार है। इसलिए हम आप दोनों से बहुत मजबूती से कह रहे हैं कि आप कभी हम लोगों को भी बुला लीजिए और हमारी बात सुन लीजिए। मैं देश के प्रति खतरे के मामले में आपको सावधान कर रहा हूं। आप मजबूत हैं, बड़े शक्तिशाली हैं। मेरे से पूर्व नौजवान अच्छा बोल गया, ठीक है। आप मजबूत है, हमारी सेना मजबूत है। हमारे लोग कमजोर नहीं हैं। देश की जनता इस मामले में पूरी तरह आपके साथ हैं, यह हम मानते हैं। लेकिन आप छोटे-छोटे मुद्दों पर चीन के खिलाफ मत कहिये,

लेकिन कम से कम कुछ प्रतिक्रिया तो दीजिए। आप प्रतिक्रिया भी नहीं दे रहे हैं। इस बारे में कभी भी आपका एक बयान तक नहीं आया। हमने बयान भी दिये, हमने प्रैस कांफ्रैंस भी की। लेकिन उसके बाद कम से कम हमें ही बुला लेते कि आप क्या बयान दे रहे हैं। आप चीन के खिलाफ ऐसी नीति क्यों अपना रहे हैं? हम नेपाल में जो देखकर आये हैं, इसलिए उसे कह रहे हैं। फिर उसके बाद राष्ट्रपति जी आये, करीब डेढ़-दो घंटे हम लोगों ने बातचीत की। मैं आपको आज सावधान करना चाहता हूं कि आज आप इस बात को सुनिये, समझिये, कभी हम लोगों को बुला भी लीजिए। आज और भी खतरे हैं, आज चीन और पाकिस्तान मिलकर हिंदुस्तान को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि चीन कभी आपका दोस्त नहीं हो सकता है और पाकिस्तान पूरी तरह से चीन के साथ है। चीन उसे पूरी तरह से हथियार और शक्ति देकर आपके खिलाफ खड़ा करना चाहता है। पाकिस्तान अभी सीधा आपके सामने खड़ा नहीं होना चाहता है। लेकिन एक समय आयेगा, जब वह आपके सामने सीधा खड़ा हो जायेगा। इसलिए मैं आपको सावधान कर रहा हूं।

श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर): सभापति महोदय, आपने मुझे जो विदेश मंत्रालय की अनुदान मांगों पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं सबसे पहले जो समझ पाया, जो हमारी फॉरेन पॉलिसी में कमी है, उसकी तरफ आपका थोड़ा ध्यान दिलाना चाहता हूं, फिर उसके बाद टैक्नीकल बात करूंगा। अभी तक मैं यह नहीं समझ पाया, हालांकि हमने पोलिटिकल साइंस में इंटरनेशनल रिलेशंस के सब्जैक्ट पढ़े हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि भारतवर्ष में कोई डेफिनेट पॉलिसी है ही नहीं, यह पॉलिसी जो मैं समझ पाया, फॉरेन सैक्रेट्री पर डिपेंड करती है। अगर नटवर सिंह जी आए तो दूसरी पॉलिसी हो गई, अन्य कोई आया तो दूसरी पॉलिसी हो गई, इसमें न कंसिसटेंट्सी, न सोच है और न कोई रिसर्च है। अगर कहा जाए तो यह फायर ब्रिगेड की पॉलिसी चल रही है। इसका मतलब यह है कि अगर आग लगी,...(व्यवधान)

मैं बता रहा हूं।...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : ऐसा नहीं है। नेहरु जी के ज़माने में जो विदेश नीति अपनाई गई है, ...(व्यवधान) आप यह कहिए कि उसका ये पालन नहीं कर रहे हैं।...(व्यवधान)

श्री विजय बहादुर सिंह : मैं धीरे-धीरे बात करना चाहता हूं। ...(व्यवधान) आप मंत्रिमंडल में थे, आपको ज्यादा मालूम है। लेकिन एज़ ए सिटीजन, 35 साल से हाईकोर्ट और कांस्टीट्यूशन लॉ को समझते हुए अभी तक इसमें कोई डेफिनेट शेप ही नहीं आयी। मैं उदाहरण के तौर पर कहना चाहता हूं, जैसे नेबर की पॉलिसी आई है। मैं हमेशा यह सोचता था कि हमें अपने नेबरहुड की पॉलिसी दो किस्म की रखनी चाहिए, एक वह नेबर, जो हमसे कमजोर है और एक वह नेबर, जो हमसे शक्तिशाली है। जैसे हमसे अगर कोई कमजोर है, आप नेपाल से शुरु करिए। कोसी नदी में जो पानी बढ़ कर आया, तीस साल से नेपाल की गवर्नमेंट कह रही है कि आप आइए, मदद करिए, हमारा डेम बढ़ा दीजिए, उसमें बिजली का हाईड्रो इलैक्ट्रिक पावर दे दीजिए, लेकिन किसी ने नार्थ ब्लॉक में कह दिया कि बिजली ये चार्ज करेंगे और यह नहीं हो पाया। हर तीन-चार साल बाद बिहार डूबने लगता है, पटना में पानी आ जाता है। नेबरहुड की पॉलिसी में कोइराला गवर्नमेंट के जमाने से पूरे भारतवर्ष ने नेपाल को डिस्टेब्लाइज़ किया, चाहे वह डेमोक्रेसी के नाम से हो। लास्ट में वहां जो हत्याकांड हुआ, उसे आप देख रहे हैं। अब हमारे उत्तरांचल के बार्डर में पूरी तरह से माओवादियों के कैम्प लग गए हैं और चाइना खुल्लमखुल्ला उनकी मदद कर रहा है।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से हमारा कहना यह है कि जो छोटे नेबर्स थे, जिन्हें हम कल्चरली ठीक से कर सकते थे, हमारी यह फेल्योर कंसिसटेंट रही। अगर कोई कंसिसटेंट पॉलिसी होती तो नेपाल को हम लोग डेवलप करते और वे डेवलप करते कि हमारी इतनी ज्यादा कल्चरल रिलेशनशिप होती कि

उनकी इंटरफियरेंस न होती।...(व्यवधान) हमें मालूम है कि बंग्लादेश कैसे बना, मैं उसकी चर्चा करना नहीं चाहता। लेकिन बंग्लादेश की पूरी गवर्नमेंट हमेशा हमारी तरफ मुख़ातिब है। शेख हसीना अभी भी आपसे हर तरह से बात करने के लिए तैयार है, लेकिन आप एक छोटी सी रिफ्यूज़ी प्रोबलम सोल्व नहीं कर पाए। जब पानी भरता है तो हजारों-करोड़ों लोग आ जाते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि साहब, इन्हें मत भगाओ, शायद ये वोटर हो जाएं, ऐसे तो पॉलिसी नहीं चलेगी। जब वे इतने तैयार थे तो आपको उसका फायदा लेना चाहिए था। विदेश मंत्री तो बदलते रहते हैं। अगर हमारे पास कोई ऐसा सिस्टम हो, जो इस पर कंसिसटेंट सोच करे, रिसर्च करे तो पॉलिसी क्रिस्टलाई होती है, थोड़ी-बहुत आप री-एडजस्टमेंट गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट कर लीजिए। आप श्रीलंका की पॉलिसी देख लीजिए। अगर हम लोग तमिलियन की पॉलिसी 80 और 90 के बीच में देखते तो राजीव गांधी जी की शहादत न होती। यह हमारी पॉलिसी का दोष था, हम श्रीलंका जैसे देश को ठीक नहीं कर पाए और जिस फज़ीहत से हमें अपनी फौजें, आर्मी विदड्रा करनी पड़ी, इस बात को सब जानते हैं, हम इसकी ज्यादा डिटेल में नहीं जाएंगे।

अब यह तो आपने श्रीलंका देख लिया। अब आपकी पॉलिसी क्या है। हम तो इससे अच्छा यह समझते हैं कि यदि दलाईलामा फॉरेन मिनिस्टर होते, तो और अच्छी तरह से पॉलिसी बनती। आप चायना से इतना डर रहे हैं कि वह अरुणाचल को अपना प्रदेश कह रहा है। वह कह रहा है कि जम्मू-कश्मीर से पहले हम वीजा नहीं देंगे। उससे आप इतना क्यों डर रहे हैं? हमारे कहने का मतलब यह है कि यदि हम अपने सिद्धान्तों की फर्मनैस नहीं देंगे, तो काम नहीं चलेगा।

महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि 26/11 का मुम्बई में ओबराय होटल में जो कांड हुआ, उसका हम कोई एडवांटेज नहीं ले पाए। क्या कमी थी? मैंने खुद जाकर देखा है, जितनी हमारी फॉरेन एम्बैसीज हैं, वहां के दूतावास या तो अपने डैवलपमेंट में परेशान हैं या अपने सैक्रेट्रिएट के डैवलपमेंट में। उनका कोई पब्लिक रिलेशन दिखता ही नहीं है।

महोदय, अब मैं अपनी बात के सेंटर पर पुनः आना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि जैसे दो किस्म की पॉलिसीज होती हैं। अब अगर हमें अपने नेबर्स में से किसी से खतरा है, तो सिर्फ चायना से है। जब माननीय मुलायम सिंह जी बात कर रहे थे, तो उन्होंने 1962 के इनवेजन की बात कही। मई 1962 में इनवेजन हुआ। उससे पहले चाऊ-एन-लाई यहां आए और उस समय उनकी मांग सिर्फ यह थी कि हमारा जो बॉर्डर है, वह ठीक कर दिया जाए और कर्नल मैकमोहन बार्डर लाइन का जो वाटरशैड था, वह उनकी डिमांड थी। उस पर स्वर्गीय पं. जवाहर लाल नेहरू जी तैयार हो गए, लेकिन मार्शल टीटो और बाकी लोग जाने कहां चले गए और मंत्रालय में एक डिप्टी सैक्रेट्री थे, उन्होंने फाइल पर लिख दिया कि यदि यह

मैकमोहन लाइन का बार्डर मान लेंगे, तो न जाने कितने हजार स्क्वायर माइल गड़बड़ हो जाएंगे और चीन ने मई में अटैक कर दिया। वही मांग वर्ष 1983-84 में, इस समय मुझे एग्जैक्ट डेट याद नहीं आ रही है, भारत सरकार ने मैकमोहन लाइन को अपना बॉर्डर मान लिया। अगर यही बात 1962 में मान ली जाती, तो यह इनवेजन नहीं होता। हमारी और आपकी दूसरी बात है, क्योंकि श्री कृष्णा मैनन को आपने बहुत ज्यादा फोकस दिया। हिन्दुस्तान में यह प्रथा है कि जो अच्छी अंग्रेजी बोले, यो युनाइटेड नेशन का फ्लेयर-अप हो, उसे आप होश्यार मान लेते हैं। हम नाम नहीं लेना चाहते हैं और उसको एकदम इतना बढ़ावा देते हैं कि जब वह धम्म से गिर जाता है, तब दिमाग खुलता है। जो हादसा दो दिन के अंदर हुआ, उससे आप सभी परिचित हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। हमारी कल्चरल पोजीशन है, हमारा एक सिस्टम है, हमारी एक सोच है, उसे हम क्यों प्रतिपादित नहीं करते?

महोदय, पाकिस्तान हम से हर चीज में कमजोर है, लेकिन डिप्लोमेसी में वह आपको पछाड़ रहा है। हमारे कहने का मतलब है कि यह जो काम है, जो फ़ॉरेन पॉलिसी का वर्क है, यह बहुत टैक्नीकल है। It is very technical. यह काम जनरल ले मैन से नहीं चलाया जा सकता है। उस टैक्नीकल की एक्सपर्टाइज में एक ऐसी थिंक टैंक टाइप, नॉट पेंटागन, जो अमेरिकन्स में है, मंत्रालय में होनी चाहिए। मुझे याद है कि एक टाइम में कांग्रेस के जमाने में, एम्बैसेडर्स वगैरह, कोई दूसरे आदमियों को बनाते थे। श्री नटवर सिंह जी जिसको कहते, उसे ही एम्बैसेडर बनाते थे। हमारे कई लड़के, जो इलाहाबाद यूनीवर्सिटी में हमारे साथ थे, वे कहते थे कि अब फॉरेन मिनिस्ट्री कुछ नहीं, अब तो पी.एम.ओ. ऑफिस से एम्बैसेडर बनते हैं। यह क्यों?

महोदय, अब मैं दूसरी बात आपके सामने कहना चाहता हूं कि जहां तक मैंने चायना के बारे में पढ़ा, नेपोलियन ने कहा था कि Let the opium-eaters sleep. When they will wake up the world would be sorry. यह बात नहीं है, जितनी भी यह चाइनीज और मंगोलियन जनरेशन है, इनके कॉल और इकबाल पर कोई भरोसा नहीं है। ये इकनौमिक गेन्स के लिए हर प्रकार से काम करने के लिए तैयार रहते हैं। जापान में देखिए, 5.00 बजे टोकियो बंद होता है और वहां लोग 9.30 बजे तक काम करते हैं। वे कोई ऐसे बड़े भक्त नहीं हैं, लेकिन इकनौमिक गेन्स के लिए काम करते हैं।

महोदय, अब मैं स्ट्रॉंग नेबर की पालिसी की बात बताना चाहता हूं। इसे कैसे शेप दिया जाए, यह एक्सपर्ट्स का काम है। हमारे विदेश मंत्री का अनुभव बहुत है। ये मुख्य मंत्री रहे हैं। विदेश में पढ़े भी बहुत हैं और बहुत सॉफिस्टीकेटेड हैं, लेकिन मैं एक कमेटी में था, उसमें आप कह रहे थे कि चायना से हमारे रिलेशन बहुत कोर्डियल हैं।

हमने उस समय टोका नहीं। जब मैं घर गया, तो मैंने भी आक्सफोर्ड एंड कोलिंस डिक्शनरी पढ़ी कि कोर्डियल का मतलब क्या है? तब हमने सोचा कि हमें तो उसी समय रोकना चाहिए था। विदेश मंत्री चाइना से रिलेशनशिप कोर्डियल अगर कहते तो यह बाहर कंजप्शन के लिए ठीक है, लेकिन रात को एनेक्सी में जब कोर्डियल कहे, तो हमें अफसोस हुआ। ...(व्यवधान) कोर्डियल का मतलब, अगर चाइनीज रिलेशन कोर्डियल है, तो फिर हमको अपनी इंग्लिश की आक्सफोर्ड एंड कोलिंस डिक्शनरी बदलनी पड़ेगी, सोच बदलनी पड़ेगी। हुड्डा साहब के पुत्र बहुत अच्छा बोले, लेकिन वह समझ नहीं पाए। जिस लेवल पर डिबेट हो रही थी, वह उसे समझ नहीं पाए। *(Interruptions) ... (Not recorded)* लेकिन हम नहीं समझ पा रहे हैं, जो हमारा सब्जेक्ट था...(व्यवधान) मैं अपने शब्द वापस ले रहा हूं।

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): Sir, it is not fair on his part to say like this.... (*Interruptions*)

SHRI VIJAY BAHADUR SINGH : Sir, I am sorry and I withdraw it.

अब इकॉनामिक पावर पर आ जाइए। चाइना ने पूरा समान यहां फ्लड कर रखा है। चाइना ने भारत में आतिशबाजी के सामान से लेकर, बच्चों के ट्वायज से लेकर, सब कुछ भर दिया है। ऐसे-ऐसे सामान आए, जो टॉक्सिक थे, तो क्यों नहीं किसी ने लिटिल फिंगर रेज किया? क्या आप घबरा रहे थे? क्या आपकी मिनिस्ट्री जो इसको देखती है, उसने इसको दरकिनार रख दिया, क्योंकि चाइना से सामान आ रहा था। इसी तरह से मैं बताना चाहता हूं, आपको अगर काम करना है, तो आपको रियलिस्टिक पालिसी बनानी पड़ेगी और कहीं न कहीं अपनी प्लेस आफ नो रिटर्न दिखाना पड़ेगा। अगर नहीं दिखायेंगे, तो ये लोग आपके ऊपर सवार होते जाएंगे। हम पिछड़ते जाएंगे और वर्ष 1962 का हादसा फिर से हो सकता है। अब इस समय लड़ाई की जरूरत नहीं है। अब कोई जमीन नहीं चाहता है।

सभापति महोदय : विजय जी, अब आप समाप्त करिए।

श्री विजय बहादुर सिंह : जब आप मुस्कराए, तो मैं समझ गया। मैं बहुत जल्दी समाप्त करता हूं। आप जब स्माइल किए, you are so soft. लोकल एनेस्थीशिया लगाकर आप जो आपरेट कर रहे हैं, मैं समझ गया हूं। मैं अपनी बात जल्दी समाप्त कर रहा हूं।

मैं यह कहना चाहता हूं कि चाइना की पालिसी के लिए, ...(व्यवधान) मेरा सिर्फ एक निवेदन है, चाइना हमको इकॉनामिकली डी-स्टेब्लाइज करना चाहता है। साफ्टवेयर आई.टी. में, जो हमारी आमदनी है, अगर हम उसको बढ़ा दें तो चाइना भी हमारे लिए कोई फियर की बात नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि रॉंग डिप्लोमैसी से जो हाल हो रहा है, उसका आप मुलाहिजा यह कर लें कि अभी चाइनीज ने आपको एक बार हिलाया और फिर वह वॉच कर रहे है। मेरा मतलब यह है कि जो फॉरेन इन्वेस्टमेंट हो रहा है, जो बाहर से एनआरआईज वगैरह इन्वेस्टमेंट करते हैं, अगर उसको काफी लिबरल कर दिया जाए, तो हमारे यहां बिलयंस एंड बिलियंस डालर्स आएंगे। चाइना ने जैसी आटोमैटिक एक लाइन खींची है, अगर उससे बड़ी एक लाइन खींच दी जाए, तो यह काम समाप्त हो जाएगा। मैं यह बिल्कुल एग्री करता हूं कि यदि आप हैंड्रेड पर्सेंट अमेरिकन सिस्टम पर बिलीव कर रहे हैं, तो it is not safe to keep all the eggs in one basket. मैं अपनी बात इसी समय समाम्प करना चाहता हूं। अगर मैंने कोई बात कही, ...(व्यवधान) I have never thought of insulting anybody. आप इसकी पालिसी को ठीक से बनाइए और ट्रांसपेरेंसी लाइए। धन्यवाद।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Sir, while raising the Demands for Grants pertaining to the Ministry of External Affairs having Demand No.31, I should rather try to concentrate on the publications that have been delivered to the hon. Members of the House.

Many things have been discussed and many deliberations have taken place. But it appears as if the Ministry of External Affairs is the combination of the Ministry of Home Affairs, Ministry of External Affairs, Ministry of Finance and the Ministry of Commerce.

In the book and the publication which has been delivered, it has not been taken care of, nor is there any mention about it. I am very much interested to know as to what is the total plan outlay of the Ministry of External Affairs. What appears from the circulation is that the Ministry of External Affairs, by and large, has no plan allocation at all. It is the Ministry which mainly dependent on the non-plan allocation. This allocation is for what? This is for Bangladesh, Bhutan, and Afghanistan. These are the issues related mainly to the functioning of this Ministry. What the Ministry of External Affairs need to implement, and what duties it has to perform have to be recorded in today's deliberations by the Members of both the sides who are taking part in the debate.

You have 166 Missions in different parts of the world that are to be taken care of. You have Passport and Immigration Department to take care; another is training; another is special diplomatic expenditure; entertainment charges which you have to incur for hospitality towards foreign dignitaries or VVIPs who visit our country. International cooperation is an important area concerning your Ministry. Haj goodwill delegation is also very important. Every year millions of people are going for Haj.

Another important thing is technical and economic cooperation with other countries. Another important thing is capital outlay on public works and housing. We must appreciate a few steps taken by the Government of India this time. The

visits of hon. Prime Minister to the USA and to Russia, no doubt, have strengthened our relations with those countries.

Once there were two major forces in the world, the USA and the Soviet Union. Now, the Soviet Union is not in existence. So, the USA has automatically emerged as a big brother of the world. So, we should not have any hesitation in strengthening our relations with the USA. On the issue of nuclear deal, the Government was challenged by some parties. The Party which supported the UPA I, has withdrawn support to the Government on this issue. So, the Government should remain alert and cautious with these types and groups of people. I would rather say that we have to have close association with the USA. If having good relations with the USA is dangerous, then is not having good relations with China not dangerous? If China thinks that 2010 is 1962, then they are making a mistake. Now, it is 2010 and we can say *hum kisise kam nahi.* If China things that it is 1962, then we can give a befitting reply if they want to have any sort of battle or war. We will certainly take care of that.

We should build good relations with all our neighbouring countries. Shri Vijay Bahadur Singh made a mention about Nepal. In Nepal, now the Maoists are in the Government. Did the Government inquire whether any Indian politician keeps visiting Nepal and keeps in touch with the Nepalese Maoists in a close manner? Do these activities reflect in the Indian politics?

Why should we not take into consideration what relations are there between the Maoists of Nepal and a particular political party's Polit Bureau members of this country, who are keeping in touch very regularly, very closely and they are operating.… (*Interruptions*)

SHRI A. SAMPATH (ATTINGAL): Will you name the particular political party?… (*Interruptions*)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : I am naming it. The name of the party is positively the CPI (M) and the Polite Bureau member [*]……. (*Interruptions*)

SHRI A. SAMPATH : Sir, he is telling something about the Polit Bureau members of the CPI (M). The CPI (M) is not encouraging the Maoists.… (*Interruptions*) His party, the TMC is hand in glove with the Maoists.… (*Interruptions*)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : I would better repeat it.… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, please sit down. Let me give the ruling. Shri Bandyopadhyay, what did you say?

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : I want to reiterate that the members of the CPI (M) party including (*Not recorded*), positively (*Not recorded*) go to Nepal, interact with the Maoist Group of Nepal. I would like to know whether the Maoist Group has any communication with or connection in India, with those who are operating the Maoist activity in our country.… (*Interruptions*) This is a very simple question. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: It can be an exchange of ideology and exchange of views.

… (*Interruptions*)

SHRI P.K. BIJU (ALATHUR): Nobody should question our patriotism.… (*Interruptions*)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : I think the hon. Home Minister Shri P. Chidambaram will support my stand.… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please let him speak. Nothing will go in the proceedings except Shri Sudip Bandyopadhyay's speech.

(Interruptions) ... [*]

MR. CHAIRMAN: What do you want?

SHRI A. SAMPATH : Do not allow him to take the names of the Members of the Upper House.… (*Interruptions*) I am on a point of order.

---

[*] Not recorded

MR. CHAIRMAN: Under what rule are you raising the point of order?

… (*Interruptions*)

SHRI A. SAMPATH : Sir, under what rule is he making allegations against my party?… (*Interruptions*)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : I am delivering my speech.… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: It is just a statement. Politically, it is generally leveled. From the Chair, I do not want to say anything. Day before yesterday, Shri Acharia was speaking. He also cast some aspersions like this. Therefore, it should not be taken so seriously.

…. (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: It should not be taken so seriously.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Bandyopadhyay, please go ahead.

… (*Interruptions*)

SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): Shri * is a Member of the Upper House. Can he take his name? This is the point which they are making.… (*Interruptions*)

SHRI V. NARAYANASAMY : When your Member speaks, let him reply.… (*Interruptions*) He is a political leader.… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Shri Mahtab, we can delete the name of *. There is no hard and fast rule.

*(Interruptions) ...**

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : I still reiterate it in the next paragraph. I go ahead with it. It is the question of India's voice heard throughout the world because India is the worst sufferer of terrorism. So, what India is facing nowadays, the world is also facing the threat in the same manner. We must keep our relations

* Not recorded

and build up our relations with our neighbouring countries with two slogans: one, international solidarity and two, brotherhood. India is the firm believer of these two principles: international solidarity and brotherhood. India wants to give this message to the entire world because the world is now facing tension every moment. No country is aware which country is going to be affected at what time.

The South Africans issues have been raised and discussed here. Who does not know that? Our great leader Shri Rajiv Gandhi gave the African Fund to give total moral support. It is not only the total support to Dr. Nelson Mandela's work.

We are extending our fullest economic support to our neighbouring countries which are being appreciated by the whole nation. We have reiterated our commitment to fight against terrorism. We are for food security. I would request the Government to take a strong initiative in this regard. We want to have good relations with different countries of the world whether it is the USA or China. Even on the issue of climate change, the External Affairs Ministry has taken a stand.

Sir, Mulayam Singhji very correctly said about the threat from Pakistan. This is the only country about which we have to remain totally alert. Pakistan is sponsoring terrorism in the whole world. Pakistan is not even prepared to accept the truth that it is their citizens who have attacked the Taj Hotel and other places in Mumbai in 2008. We have arrested one terrorist from that group. Our Home Minister Shri Chidambaram is delivering all the information and documents relating to it, but the Government of Pakistan is not in a mood to accept that the group of terrorists has come from Pakistan. So we must actually remain alert about this force. But there is no enemy as such to us in the whole world because we want to maintain peaceful relations with everybody and even with Latin America, we do not disagree to keep our relations with this group also. Then, we want to know from the hon. Minister of External Affairs as to what is our stand on the G-20 process, G-8 Plus, G-5 Summit and we also want to know as to what actually transpired in the Climate Change Conference in Copenhagen.

So, we are of the firm opinion that the Government of India is trying to build India as a country who have no alignment with any force and India, shining through this Ministry, will certainly come up in the world.

MR. CHAIRMAN : Shri A. Sampath – Not present.

Shri Pinaki Misra.

SHRI A. SAMPATH : Mr. Chairman, Sir, I have come and I can speak now.

MR. CHAIRMAN : Since I have taken the name of Shri Pinaki Misra, he can speak now and you can speak after him.

SHRI PINAKI MISRA (PURI): Mr. Chairman, Sir, I am grateful to you for giving the Biju Janata Dal an opportunity to participate in this very seminal, very important debate.

Sir, I have heard many of the distinguished speakers who preceded me with a great deal of interest. This is a discussion and voting on the Demands for Grants under the control of the Ministry of External Affairs for the year 2010-11. What I have heard here is a lot of lyrical prose. A lot of speakers have waxed eloquent about the pros and cons of our Foreign Policy. Unfortunately, very little attention has been given to the nuts and bolts in terms of the facts and figures that go into budgetary allocation and, with your permission, Mr. Chairman, I would like to draw the attention of this House to some of those important aspects.

Sir, phrases such as 'emerging global power at the international high table' is very high sounding, but it has to be looked at in the backdrop of the figure of 35 per cent of our people living below the poverty line which is now the order of the day. I am sorry I am not one who is prone to say that we must wax eloquent about our country regardless of all the ills that beset us because we must present a rosy picture to the international community. If one Ministry's figures are enough to puncture this delusion of grandeur straightaway, that we are players at the so-called International high table that we are a so-called emerging global power, it is this Ministry's figures.

16.00 hrs.

Apart from this 35 per cent below poverty line figure, Mr. Chairman, if this House only peruses the facts and figures relating to the Demand which has been put by the External Affairs Ministry, you will see what is the actual position. The actual position unfortunately to quote an unfortunate incumbent of this Ministry who is no longer there is 'cattle-class'. In fact, Mr. Chairman, it is rather 'cattle-like'. The word 'class' is a misnomer because it actually does not have any class. There is a remarkable lack of class in the facts and figures.

Mr. Chairman, I will tell this House straightaway, why? Kindly see, in these figures, there is an observation made that during each financial quarter of the Financial Year 2009-10, during the first three quarters of the year, only Rs.3,983 crore were spent against an estimate of Rs.6,333 crore. Just about 50 per cent was spent in three quarters of the year. Just a little less than 50 per cent, about 47 per cent or 48 per cent allocation is to be spent in the last quarter.

Why has this remarkable situation obtained? This obtains for a very extraordinary reason. It is because the Ministry which waxes eloquent about spreading e-commerce and e-technology the world over is supposed to be integrated with what is known as the Integrated Mission Accounting System which is known as the IMAS. As on date, not more than 50 of our Missions or Posts abroad are linked with this. The rest are still travelling cattle class. The rest are still not connected. So, they do not get the figures till the last quarter and therefore, there is a rush to spend between 28th of February and 31st of March and 40 per cent gets spent in the last month. This is the manner in which the Ministry of External Affairs wishes to conduct its affairs in this era of technology.

16.02 hrs.

(Shri Francisco Cosme Sardinha *in the Chair*)

Mr. Chairman, Sir, apart from this, kindly see that we are supposed to be pioneers the world over in what is known as I-TEC and this is again one of the significant things this Ministry is supposed to be doing which is that it is providing technical aid, which is mainly focussed on the IT sector and capacity building of the personnel under international technical and economic cooperation programme, that is the I-TEC Programme. With great respect, this is high sounding vain glarious verbiage and that is the only way I can describe it, when less than 50 per cent of the Missions are connected with e-technology abroad. I cannot understand where this comes from.

Mr. Chairman Sir, let me give you one more example. There is what is now in the West universally regarded as the virtual *sine-qua-non* of a developed nation, which is you have a biometric or an e-passport. In the Annual Report of 2008-09 it was stated that based on the experience gained from a pilot project done earlier e-passports of ordinary category would be issued by 2009. Mr. Chairman, that technical committee, till today, has not frozen the technical specifications. So, when we go abroad, we travel with a cattle class passport and we have to spend hours therefore in queues abroad because of our cattle class passport.

Mr. Chairman Sir, a large part of the outlay of the External Affairs Ministry goes in developmental projects because that is how we are supposed to spread our influence worldwide. Let me give this House a little sample of what we do abroad. The Tala-hydro-electrical project in Bhutan – I will show to this House why Bhutan is critical to India – is the only plan project that has recently been completed. The detailed project report cost of Tala was Rs.1,048 crore at 1993 price levels.

This was revised to Rs. 3580 crore in September, 2002. Do you know what the final completion cost, Mr. Chairman, was? This House would be aghast to learn that the final completion cost has been Rs. 4125 crore. So from Rs. 1048 crore, it has gone up four times to Rs. 4125 crore. And we have a projected development axis in Bhutan of 10,000 MW by 2020. With great respect I have to tell the House that at this rate, we are going to be bankrupt helping Bhutan.

It is not Bhutan alone. Let me just take this House into confidence as to what has happened in Nepal. In 2005, the Government of India and the Government of Nepal signed an MoU for what is known as the implementation of various projects in Nepal. No headway has been made till date. I will tell this House what China has done in the meanwhile, what Pakistan has done in the meanwhile in Nepal. In Sri Lanka, these figures – to my friends from the South, particularly from Tamil Nadu – are startling. The Government of India has made various commitments to provide aid for relief, rehabilitation, and reconstruction of war-affected people and areas in Sri Lanka. The Standing Committee has noted that against the announcement of assistance of Rs. 500 crore, only Rs. 90 crore have been budgeted and Rs. 63 crore have been utilized. This is the state of Sri Lanka. The Members from the Treasury Benches are sanguine. They continue to wax eloquent about India's great role as a global superpower, that we ought not to be too worried about this increasingly hostile neighbourhood that we are encircled with. I do not know which world they are living in, Mr. Chairman, but, this side of the benches, I think, we tend to be a little more realistic.

I really urge this House that at some point this House should pass a resolution that a large geo-political map of this part of the world should be placed not just in every MP's homes but every officer's home whether it is the MoD, MEA, MHA or any other critical Ministry, because, otherwise – hon. Members here are laughing – I cannot understand how hundreds of thousands of crores of Defence money is returned unutilized every year. How money of External Affairs Ministry is returned unutilized, I cannot understand. They must get up in the

morning, have a look at that map, and see how India is being increasingly encircled from all sides.

Mr. Chairman, I want to tell this House that today there is 350 km. per hour trains running on railway track which is up to Lhasa. China is going to increase it up to Hotan. From the north, they are encircling us from Urumqi to Kashgar. As the hon. Member Dr. Murli Manohar Joshi said, it is going down the Karakoram Highway all the way down to Gwadar. Today, for China, to bring in troops at 24 hours' notice, where it will take us 24 days if not 24 weeks to mobilize troops and to mobilize the requisite armoury, is a matter of actually hours if not minutes.

Mr. Chairman, you can see, I am not going to waste the time of the House waxing eloquent; I am giving facts and figures. The moment you tell me my time is actually over, I will sit down because I am a lawyer; I do not extend time beyond what is actually permissible. So, you have to tell me exactly what you feel your mind is; if you want me to sit down, I will sit down because I do not like the bell ringing again and again.

MR. CHAIRMAN : One minute more.

SHRI PINAKI MISRA : Sir, kindly give me two or three minutes.

MR. CHAIRMAN: Two minutes I will give you, please.

SHRI PINAKI MISRA : There are other tired aspects, frankly. I want to bring to the notice of the House, for instance, IDCA. It is a very significant thing that this Ministry would have done. It is the India International Development Cooperation Agency. This was started in 2007-08; now it has been scrapped. This would have been a very important vehicle as far as spreading our influence abroad is concerned. There are two other ways in which we ought to be able to spread our influence. One is the Public Diplomacy Division which unfortunately functions in the most tired way possible, and of course the ICCR which again, we have seen apart from a few cultural programmes a few junkets abroad, is a most tired organization. These are not organizations that can take on the might of all the *madarsas* that are dotting the skyline in Nepal, of all the extraordinary amount of

foreign policy initiatives taken by think-tanks in China. This is not an answer, Mr. Chairman.

Mr. Chairman, Sir, I just want to draw the attention of this House to another very important organisation because this is the Ministry of Overseas Affairs which is included as a part of the debate, I would assume. This was the Ministry which was started in 2004 by the Congress Party because they wanted to rehabilitate somebody who, I think, could be rehabilitated in no other place. So, they carved out this Ministry. That gentleman has been divested of his portfolio but this Ministry remains. I do not understand what this Ministry does because this Ministry works through the External Affairs Ministry.

Forget about the PIOs, OCDs and all these. Really this Ministry has now become a playground of influential people like Sant Singh Chatwal. So, that people of dodgy backgrounds are is given some sort of sanctity by this Ministry.

Sir, I come from Puri parliamentary constituency where there is an Assembly segment called 'Banpur', where hundreds and thousands of people are languishing in the Middle East without succour. They are exploited by ruthless agencies, by ruthless employers, by hostile governments, by a hostile milieu. If this Ministry is to function at all, it can do one thing, which is open up a single window grievance cell in many of these areas abroad where we have a very large Indian labour class. The Sant Singh Chatwals do not need this Ministry. The Sant Singh Chatwals have the Clinton's wine and dine to them. The people who need this are the very poor and they are the very marginalised people. Very importantly, it must have a dedicated legal service. That is the most important thing that they need. This Ministry must have a dedicated legal service, which will provide, free of cost, the legal facility needed for them to be able to at least return home without being in a coffin. That is the most important thing, Mr. Chairman.

I am summing it up. I have seen the way particularly the Standing Committee on External Affairs functions, which is manned by its very able

Officers. They are vastly competent officers, and there is no question about that. Some of them are sitting here. Very vastly competent Officers are manning it.

I can only say, and with a great deal of regret, that what this Ministry has lacked unfortunately from the beginning of UPA-I is the political leadership. Starting with Shri Natwar Singh, who had to resign in disgrace and ending with Shri Tharoor, who had to resign in disgrace, I am very sorry to say that this Ministry has not had the requisite political leadership, and which is why, I think, this Ministry is languishing in the manner it is. I am deeply sorry to have to say that.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद): महोदय, मैं विदेश मंत्रालय के अनुदानों की चर्चा और मतदान के लिए शिव सेना की ओर से खड़ा हुआ हूं। विदेश नीति के बारे में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो मुद्दे विदेश मंत्रालय को उठाने चाहिए, मैं उनके बारे में कुछ कहने वाला हूं। हिन्दुस्तान के नागरिकों का ध्यान विदेश मंत्रालय की तरफ है, हम सफलता पाते हैं और इसके बारे में चर्चा रोज होती है। हम जानना चाहते हैं कि न्यूक्लियर पावर, भारत-चीन संबंध, पाकिस्तान द्वारा किए जाने वाले हादसों के बाद किस तरह का संबंध होना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया में विद्यार्थी पढ़ने जाते हैं, उनके ऊपर हमले होते हैं, इस संबंध में सरकार ने क्या मदद की है। अफगानिस्तान में भारत के इंजीनियर्स और डॉक्टर्स गए हैं, उन पर भी आक्रमण हुआ है, मंत्री जी हमें बताएं कि हमारे संबंध अफगानिस्तान से अच्छे हो रहे हैं या नहीं। ब्राजील, रशिया, यूएसए, चीन के साथ हमारे संबंध कैसे होने चाहिए, इसके बारे में हम माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहेंगे। यूएसए ने दबाव तंत्र से न्यूक्लियर डील की और इसी कारण हम उनके दबाव में रहते हैं। 14वीं लोकसभा में सिविल न्यूक्लियर बिल जिस तरह से पास हुआ, वह ठीक नहीं रहा लेकिन आज भी हम लोग उनके दबाव में हैं। मैं चीन के बारे में कहना चाहता हूं और आदरणीय मुरली मनोहर जोशी जी ने भी कहा कि हमें गंभीर रूप से चीन के बारे में सोचना चाहिए। चीन आगे जाना चाहता है, जो वर्ष 1962 में हुआ था वह आगे कभी भी हो सकता है। हमें चीन के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए। अरुणाचल भी उनका मुद्दा है, उनकी पाकिस्तान के साथ दोस्ती होती है। हिन्दुस्तान पर अटैक करने की बात पाकिस्तान की तरफ से हो रही है, हमारे देश में जो हादसे होते हैं, उनके बारे में भी सोचना होगा। इनके साथ संबंध कैसे होने चाहिए, इसके बारे में भी गंभीरता से सोचना होगा। यह अनुदानों की मांग तो ठीक है। लेकिन विदेश मंत्रालय के शेष संबंध कैसे होने चाहिए, यह भी एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।

महोदय, मैं पाकिस्तान के बारे कहना चाहता हूं कि जब माननीय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी तो 13वीं लोक सभा में मैंने एक वक्तव्य लोक सभा में दिया था कि पाकिस्तान के साथ कभी भी कोई संबंध मत रखिये। चूंकि पाकिस्तान जिस तरह से हादसे कराता है, दाऊद और लादेन जैसे लोग उनके यहां छुपे हुए हैं और पाकिस्तान अपनी खुफिया एजेन्सी के माध्यम से कहीं भी हादसे करा रहा है। पुणे में जर्मन बेकरी पर जो हमला हुआ। उसमें आरोपित हैडली कहां गया, कैसे आया, उसे कैसे पासपोर्ट मिला? आपको इस पर भी विचार करना चाहिए। हैडली जैसा आदमी यहां आ जाता है। हमारे शिवसेना भवन के पास जाता है। वह मुम्बई में कई जगहों पर गया। उसे एन्ट्री कैसे मिली? क्या उसके ऊपर हिंदुस्तान की कोई खुफिया नजर थी या नहीं? तब हमारा आई.बी. कहां गया था? मैं समझता हूं कि हमें पाकिस्तान की नीति के बारे में ही सोचना पड़ेगा। मैं कहूंगा कि मुम्बई में इतना बड़ा हादसा हुआ, 26/11 को लगभग 200

लोग मारे गये। उसके पहले भी मुम्बई में और देश में जो हादसे कराये जा रहे हैं, उन्हें दृष्टि में रखते हुए हमें पाकिस्तान के साथ कभी दोस्ती नहीं रखनी चाहिए। यह मेरा और हमारी पार्टी शिवसेना का दृष्टिकोण हैं और शिवसेना प्रमुख श्री बालासाहब ठाकरे भी वही कहते हैं। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अभी कुछ समय से हादसे नहीं हुए हैं, यह उनका दुर्भाग्य और हमारा सौभाग्य है। लेकिन हादसे कभी भी हो सकते हैं। पुणे की जर्मन बेकरी के हादसे के बाद अभी कोई हादसा नहीं हुआ है। लेकिन हादसे होने के बाद हम लोग पहले की तरह पाकिस्तान के ऊपर दो दिन लोक सभा में चर्चा करेंगे और बाकी बयान दे देंगे। लेकिन मैं आज भी उसी बात को दोहराता हूं कि हमें पाकिस्तान के साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहिए।

महोदय, मैं आपके माध्यम से विदेश मंत्री से इसके बारे में मांग करता हूं कि उन्हें इस पर बहुत गम्भीरता से विचार करना चाहिए और हमें पाकिस्तान के साथ कोई दोस्ती नहीं रखनी चाहिए। हमें उनके खिलाड़ियों के साथ भी खेलना बंद करना चाहिए, उनके खिलाड़ी हमारे हिंदुस्तान में आकर खेलते हैं। आज आईपीएल का क्या चल रहा है। अभी लोक सभा में दो दिन उसी पर बहस चली है। लेकिन ऐसा भ्रष्टाचार करके पैसे जमा करना और बाद में आतंकवादियों को मदद पहुंचाना, यह गलत बात है। इसलिए मैं समझता हूं कि हमें पाकिस्तान के साथ कोई रिश्ता नहीं रखना चाहिए।

मैं आपके माध्यम से विदेश मंत्रालय को बताना चाहता हूं कि आज आस्ट्रेलिया में जो बच्चे पढ़ने के लिए जाते हैं। मेरे यहां का एक बच्चा आस्ट्रेलिया गया। उसके पिताजी यहां एक पुलिस ऑफिसर थे, उनका देहांत हो गया। लेकिन उनके लड़के ने होटल मैनेजमैन्ट का कोर्स किया था और वह आस्ट्रेलिया जाना चाहता था। उसकी विडो मां ने लोन के लिए एप्लीकेशन दी। उसने मुझे भी बोला और मैंने खुद बैंक में जाकर उनका 25 लाख का लोन सैंक्शन भी करवाया। लेकिन आज उस लड़के को वहां से मारकर निकाल दिया गया है। अब उसके 25 लाख रुपये कौन भरेगा? हमारा विदेश मंत्रालय क्या करता है? हमारे देश के बच्चों के साथ वहां मारपीट हो रही है और आप कुछ नहीं कर रहे हैं। वहां की सरकार बोल रही है कि उनके साथ कोई मारपीट नहीं हो रही है और हम उनका पूरा ख्याल रखेंगे, लेकिन वहां ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। वहां यहां से जो भी बच्चे जाते हैं, वहां के लोग उन्हें देख-देख कर मारते हैं। चाहे वे ड्राइवर हों, डाक्टर हों या कंप्यूटर इंजीनियर हों, उन्हें वहां मारना चालू कर दिया। मैं समझता हूं कि जैसा पाकिस्तान के साथ व्यवहार है, वैसा ही हमें आस्ट्रेलिया के बारे में भी सोचना चाहिए। मैं विदेश मंत्री से इसकी डिमांड करता हूं।

महोदय, इसके बाद मैं अपने क्षेत्र की डिमांड के बारे में कहना चाहता हूं। हमारे महाराष्ट्र में रीजनल पासपोर्ट ऑफिस मुम्बई में है। महाराष्ट्र से बहुत सारे बच्चे विदेशों में गये हैं, चाहे वे कंप्यूटर इंजीनियर्स हों

या अन्य प्रोफेशनल्स हों। उन्हें पासपोर्ट मिलने में कोई ज्यादा तकलीफ नहीं होती है, चूंकि वहां से फोलो अप हो जाता है, इसलिए उन्हें पासपोर्ट मिल जाता है। लेकिन यह प्रोसैस काफी लम्बा पड़ता है। बहुत से बच्चों की आर्थिक परिस्थिति अच्छी नहीं होती है, वे गरीब होते हैं। मेरा क्षेत्र सम्भाजीनगर, औरंगाबाद मराठवाड़ा की राजधानी है। वहां पहले हम लोगों ने एक छोटा सब-रीजनल ऑफिस खोला था। आज मैं आदरणीय मंत्री जी से कहूंगा कि हमारे यहां मुम्बई हाईकोर्ट की बैंच भी है। हमारा क्षेत्र डिविजनल प्लेस है। हमारे यहां सब रीजनल ऑफिसेज भी हैं। इसलिए मेरी आपके माध्यम से मंत्री जी से मांग है कि हमारे यहां मराठवाड़ा के आठ जिलों के लिए और खानदेश के जिलों के लिए भी रीजनल पासपोर्ट ऑफिस का सब-रीजनल ऑफिस सम्भाजीनगर, औरंगाबाद में खोलें।

आपके भाषण में यह मुद्दा आया था कि पासपोर्ट के करीब 80 हजार तक एप्लीकेशंस पड़े हैं, ऐसा आपने बताया था, लेकिन मैनपावर नहीं है। मैं यह कहूंगा जैसे कि आज अनुदानों की मांग हो रही है तो हमारे यहां पासपोर्ट ऑफिस के लिए मैनपावर हो। मैं एक्सटर्नल कमेटी में 13वीं लोक सभा में था तो सब लोग कह रहे थे कि उनके पास स्टाफ ही नहीं है। स्टाफ न होने के कारण से उनकी स्क्रुटनी नहीं होती है, इसलिए बच्चों को प्रोबलम होती है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि हमारे मराठवाड़ा क्षेत्र में पहले जो ऑफिस खोला था, उसे दोबारा अच्छे स्वरूप से, पूरे इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ हमारे यहां सब-डिवीजनल ऑफिस खोला जाए। जो विदेश नीति चल रही है, आपको पता है कि जैसे आस्ट्रेलिया में बच्चे जा रहे हैं, लेकिन ओबामा जी के बनने के बाद में उन्होंने कहा कि नो आउट सोर्सिंग, मतलब हिन्दुस्तान के बच्चों के लिए, बाकी अन्य जगह के बच्चों के लिए एंट्री नहीं है। अभी थोड़ा सा कुछ ठीक हुआ है, उन्होंने मंदी की लहर के कारण से भी बोला होगा। आज हम लोग कहां जाएंगे, इसके लिए यूएसए, चाइना, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बारे में आप अपने विचार स्पष्ट करिए और पाकिस्तान के साथ में किसी भी हालत में दोस्ती न रखिए। उनके खिलाड़ी भी यहां नहीं खेलेंगे, यह मैं आपके माध्यम से अपनी मांग रखता हूं।

